''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 33 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 02 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## बजट ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश कर दिया है। बजट पेश करने के बाद उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बजट को लेकर कहा कि ये बजट उत्तरदायी सरकार को दर्शाता है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, एक बात जो मैं निश्चित रूप से उजागर करना चाहूंगी, वह है लोगों की आवाज पर प्रतिक्रिया देना, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने प्रशासन में जाने जाते हैं। यह एक बहुत ही उत्तरदायी सरकार है और इसके परिणामस्वरूप, आयकर सरलीकरण जिसकी मैंने जुलाई में घोषणा की थी, वह पहले ही पूरा हो चुका है और हम अगले सप्ताह विधेयक लाएंगे... इसलिए यदि हम कराधान को शामिल करते हुए सुधार की बात कर रहे हैं, तो काम पूरा हो चुका है। यह बजट युक्तिकरण और सीमा शुल्क के बारे में भी बात करता है। टैरिफ को कम किया जा रहा है, टैरिफ को सरल बनाया जा रहा है।

बजट प्रस्तुति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पूंजीगत व्यय पर सार्वजनिक व्यय में कोई कमी नहीं की गई है। हम सरकार द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय के गुणक प्रभाव पर जोर देना जारी रखते हैं, जिसने हमें टिकाए रखा है। हम उस पर काम करना जारी रखते हैं, और इन सबके साथ, हमारी राजकोषीय समझदारी बनी हुई है।

### यह जनता का बजट है : पीएम मोदी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमकर तारीफ की है। मोदी ने इसे देश की आकांक्षाओं का बजट बताया है। मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने युवाओं के लिए कई सेक्टर खोले हैं। विकसित भारत के मिशन को आम नागरिक चलाने वाला है।

## मोदी सरकार ने किसान और नौकरीपेशा को बजट में दी बड़ी राहत : राजेश नागर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट को सभी वर्गों को राहत देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का राहत भरा बजट पेश करने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आज के बजट में नौकरीपेशा, किसान और आम आदमी को बड़ी राहत दी गई है।



आज के बजट में मध्यम वर्ग के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं। आयकर की लिमिट को 12 लाख रुपये किया गया है जिसका अर्थ है कि एक लाख रुपये महीने तक की कमाई को टैक्स से बाहर रखा है। वहीं निर्यात को प्रोत्साहन की व्यवस्था भी बजट में की गई है। जिससे दुनिया की आर्थिक शक्तियों में भारत को अपनी उपर्स्थिति को और मजबूती पाने में मदद मिलेगी।

नागर ने कहा कि बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को तीन से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया गया है, वहीं पीएम धन धान्य योजना के जरिए देश के 100 जिलों में एक करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के पहले बजट से देश के युवा, किसान, महिला और उद्यमियों को प्रोत्साहन देने वाला बजट है वहीं गरीब का उत्थान करने वाला बजट है। इस बजट से हरियाणा के किसान, महिला और उद्योगों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

## मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों की अपेक्षा व आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला बजट: राजकुमार वोहरा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने केन्द्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश के मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों की अपेक्षा व आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला बजट है और विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वित्तमंत्री ने बजट में मध्यम वर्ग के लिए खजाने का पिटारा खोल दिया है जिससे मध्यम वर्ग मजबूत होगा। यह गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं की आकंक्षाओं का पूर्ण करने वाला बजट है। बजट में टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात देते हुए 1 लाख रुपये महिना यानि 12 लाख रुपये तक की आय पर इनकम टैक्स की छूट माध्यम वर्ग को मजबूत बनाएगी। ग्राम अर्थव्यवस्था और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। यह बजट एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण में सहायक बनेगा। श्री वोहरा ने कहा कि एक सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी एवं विकसित भारत की तरफ कदम बढाने वाले बजट के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ और हार्दिक बधाई देता हूँ।

## आत्मनिर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत एवं विकसित भारत का रोडमैप है बजट: विनोद गुप्ता

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश देश के बजट को युवाओं के सपने साकार करने वाला और मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले करने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस बजट से देश का मध्यम वर्ग मजबूत होगा । 12 लाख तक की आय को करमुक्त करना एक बड़ा और सराहनीय कदम है, इससे मध्यम वर्ग के लोगों आर्थिक विकास होगा । यह बजट युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके उपलब्ध करवाने वाला और उनके सपने पूर्ण करने वाला बजट है । वित मंत्री जी ने किसान, गरीब, युवा और महिला सभी के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए एक अद्भुत बजट पेश किया है । श्री गुप्ता ने बजट को श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत का रोडमैप बताते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और वित मंत्री निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और हार्दिक बधाई प्रेषित की।

## देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक होगा बजट: मनोज वशिष्ठ

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ ने वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश देश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट समावेशी प्रगति के पथ पर सबको साथ लेकर चलने वाला और विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है । वित मंत्री जी द्वारा पेश बजट सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढाने वाला बजट है । बजट में स्वास्थ्य और रोजगार की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। मोदी सरकार ने 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करके नौकरी पेशा और मध्यम वर्गीय नागरिकों को बड़ा तोहफा दिया है। आयकर में छूट जहां मध्यम दर्जे के लोगों को आर्थिक तौर पर मजबूती देगी वहीं लोगों का जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी । बजट महिला, गरीब, किसान और नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों को सशक्त करने वाला बजट है । बजट विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा और देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचाने में सहायक साबित होगा। श्री वशिष्ठ ने सर्वस्पर्शी, सर्व हितकारी बजट के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और वित मंत्री निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और बधाई दी ।

## 12 लाख तक इंकम पर टैक्स न लगाना क्रांतिकारी कदम : गोल्डी अरोड़ा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने आज केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को सर्वजन हितैषी बताया है। उन्होंने बजट में 12 लाख इंकम पर कोई टैक्स नहीं लगाने के कदम को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि इससे मध्यमवर्गीय परिवार को राहत मिलेगी और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। यहां जारी प्रेस बयान में गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है और ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जम्पशन को बढ़ाएगा। श्री अरोड़ा ने कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। बजट में किसानों का खास ख्याल रखा गया है और 100 जिलों में सिंचाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट होगा। उन्होंने कहा कि युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब के उत्थान को समर्पित यह बजट देश के क़तार में खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने में सहायक सिद्ध साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के सपनों के भारत को साकार करने वाला बजट है और इस आम बजट में हर वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा गया है।

## बजट 2025-26 से देश विकास को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास को नई गति देगा और हरियाणा को भी आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे हरियाणा को भी व्यापक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। साथ ही, धन धान्य कृषि योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों पर ध्यान दिया जाएगा। इस बजट से हरियाणा को भारी लाभ होगा क्योंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि यह बजट किसानों के जीवन स्तर को सुधारने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके अलावा, MSME सेक्टर के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया गया है, जिससे छोटे उद्योगों को और अधिक समर्थन मिलेगा। अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करने से देश के करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।



बजट 2025 में कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन रखा गया है जिससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत होगा। उसी तरह बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा, जिससे छोटे किसानों और व्यापारियों को फायदा मिलेगा। छोटे उद्योगों के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे जिसमें से पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। खिलौना उद्योग के लिए भी मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि वित्त मंत्री ने बजट 2025 में एससी-एसटी वर्ग की 5 लाख महिलाओं के लिए नई स्कीम की घोषणा की, जिसमें उन्हें 2 करोड़ रुपये का टर्म लोन मिलेगा। साथ ही, स्टार्टअप्स को भी बढ़ावा देने के लिए ऋण सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नए स्टार्टअप्स को मजबूती देने के लिए एक शानदार पहल है।

बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी बड़े ऐलान किए गए हैं। अगले 5 वर्षों में मेडिकल एजुकेशन में 75,000 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। इसके साथ ही, 23 IIT में 1.35 लाख स्टूडेंट्स की सुविधा को ध्यान में रखते हुए IIT पटना का विस्तार किया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के लिए 500 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में यह बजट एक नए युग की शुरुआत करेगा, जिससे युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। हरियाणा सरकार इस बजट में घोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी ताकि राज्य को अधिकतम लाभ मिल सके और प्रदेश के हर नागरिक को इसका सीधा लाभ मिले।

## रैड क्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय मानवीय संस्था : अमित मान

### पांच दिवसीय जिला यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** विक्रम सिंह उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व श्री अंकुश मिगलानी, उपाध्यक्ष वं डॉ मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से एक फरवरी से 5 फरवरी तक मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च स्टडीज फरीदाबाद के प्रांगण में किया जा रहा है जिसमें 20 कॉलेज से 100 विद्यार्थी व 20 यूथ रेड क्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया जा रहा है



। आज इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमित मान,एच सी एस, उपमंडल अधिकारी (ना०) बड़खल द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित तथा रैड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल खंडेलवाल, संरक्षक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं सदस्य हरियाणा यूथ रैड क्रॉस उपसमिति चंडीगढ ने सभी युवाओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें हमेशा बुरी आदतों से दूर रहकर देश का सभ्य नागरिक बनना चाहिए तथा हमेशा अनुशासन में रहकर समाज की भलाई के कार्य करने चाहिए । एक अनुशासित व्यक्ति हमेशा जीवन मे सफलता की ओर अग्रसर रहता है। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सोरोत ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला घोर निराशाजनक है बजट : मनोज अग्रवाल

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने आज केंद्रीय बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में दलितों को कुछ नहीं मिला, आदिवासियों को कुछ नहीं मिला, पिछड़ों को कुछ नहीं मिला, अल्पसंख्यको को कुछ नहीं मिला, किसानों को कुछ नहीं मिला, युवाओं को कुछ नहीं मिला, मध्यम व छोटे वर्गीय उद्योगों को कुछ नहीं मिला। यह बजट देश की 90% आबादी की आजीविका पर डाका डालने वाला बजट है। भाजपा सरकार की अनर्थ नीतियों ने औद्योगिक क्षेत्र को नष्ट करने का काम किया है। इस जनविरोधी सरकार के संरक्षणवाद और पूंजीवाद ने एकाधिकार को प्रोत्साहित कर औद्योगिक क्षेत्र पर आक्रमण किया है। यह पूरे प्रदेश के लिए बड़े ही दुर्भाग्य की बात है

**हरियाणा के साथ मोदी सरकार कर रही है सौतेला व्यवहार, केंद्रीय बजट में हरियाणा का नाम तक न होना है बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : मनोज अग्रवाल**

की आज सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर केंद्र की सरकार में मंत्री हैं, लेकिन इसके बावजूद आज पेश हुए केंद्रीय बजट में हरियाणा का नाम तक नहीं लिया गया।

वहीं इस केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव प्रियंका अग्रवाल ने कहा की किसान की आय दोगुनी करने का जो वादा किया गया, वो आज दिन तक कागजी है। इस बजट में भी किसान



की आय दुगुनी करने का कोई रोडमैप नजर नहीं आता। न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करना, कृषि यंत्रों से जीएसटी पूर्णतया हटाना जैसे विषयों का जिक्र तक नहीं किया गया। किसान को अतिरिक्त ऋण देने की बड़ी-बड़ी बातें हर बार होती हैं, लेकिन कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता कि किसान को उसकी उपज का उचित लाभ देकर इतना सामर्थ्यवान बना दिया जाए कि अन्नदाता को कर्ज लेने की जरूरत ही न पड़े।

युवाओं के बेहत्तर भविष्य के लिए भी कोई उपयोगी योजना इस बजट में प्रदर्शित नहीं होती। कांग्रेस न्यायपत्र-2024 से युवाओं के लिए इंटर्नशिप आईडिया कॉपी जरूर किया है, लेकिन युवाओं के लिए न्यायपत्र के अनुसार लाभ सुनिश्चित नहीं किया गया है। स्कील इंडिया की बातें पूर्व में भी हुईं हैं, लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। अमीर-गरीब के बीच लगातार बढ़ते गैप को फिर से नजरअंदाज किया गया है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, मध्यम वर्ग और गाँव-ग़रीब के लिए कोई भी कोई क्रांतिकारी योजना नहीं होना भी सरकार ही संवेदनहीनता को परिलक्षित करता है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की आकांक्षाओ को फलीभूत करने वाला है केंद्रीय बजट : राव नरबीर

### उद्योग मंत्री ने की लॉन्च नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन की सराहना

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने मोदी सरकार 3.0 के पहले पूर्ण बजट की प्रशंसा कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की आकांक्षाओ को फलीभूत करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का वह महत्वपूर्ण ब्लूप्रिंट है। जिसमें किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, हर क्षेत्र को समाहित किया गया है। उद्योग मंत्री ने सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट की तारीफ करते हुए कहा कि बजट संतुलित और विकासोन्मुखी है, जिससे देश की



अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और उद्योग जगत को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

राव नरबीर सिंह ने वित्त मंत्री द्वारा एमएसएमई क्षेत्र को क्रेडिट गारंटी कवर को दोगुना करने की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्टार्ट-अप और विनिर्माण केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा। जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है जिससे किसानों को काफी राहत मिलेगी।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# उपराष्ट्रपति ने सिर पर शिवलिंग रखकर संगम में डुबकी लगाई

## महाकुंभ में नागा साधु ने सिपाही को पीटा, 77 देशों के डेलिगेट्स मेला घूमने आए






प्रयागराज। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ महाकुंभ में हैं। यहां उन्होंने सिर पर शिवलिंग रखकर संगम में डुबकी लगाई। योगी भी उनके साथ संगम घाट तक गए। योगी और उपराष्ट्रपति ने पक्षियों को दाना खिलाया। लेटे हनुमान मंदिर में पूजा की। अक्षयवट के दर्शन किए। मेला क्षेत्र में आज एक नागा साधु भड़क गया। इस दौरान उसने एक सिपाही के साथ बदसलूकी भी की। सिपाही नागा साधु ने डंडा भी मारा। आज महाकुंभ में 77 देशों के 118 डेलिगेट्स आए हैं। उन्होंने संगम में स्नान किया। उधर, मेले क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। इस सख्ती के बाद किसी के भी वाहन अंदर जाने पर रोक है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी इससे नाराज हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा- सुबह 7 बजे एक महिला महामंडलेश्वर की गाड़ी रोक दी गई। तुम्हारे कुछ लोग मेला खराब करना चाहते हैं। साधु संतों की सुरक्षा को कुछ हुआ तो कौन जवाबदेह होगा। भगदड़ की जो जांच कमेटी बनी है, वो मुझसे भी पूछे। मुझसे भी पूछा जाए, मैं जवाब दूंगा। महाकुंभ में हुई भगदड़ के चौथे दिन उट योगी वहां पहुंचे, जहां भगदड़ हुई थी। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से घटना की वजह पूछी। करीब 10 मिनट तक योगी वहां रुके। अफसरों से सवाल किए। इसके बाद सीएम सतुआ बाबा के पट्टाभिषेक कार्यक्रम में पहुंचे। योगी ने संतों की सभा में कहा- कुछ लोग लगातार गुमराह कर सनातन धर्म के प्रति षड्यंत्र करने से बाज नहीं आ रहे हैं। लेकिन सनातन धर्म का कोई बाल बांका नहीं कर सकता। महाकुंभ में मौनी अमावस्या (28 जनवरी) की देर रात करीब 1:30 बजे संगम नोज इलाके में भगदड़ हुई थी। सरकार के मुताबिक, हादसे में 30 की मौत हुई। 60 लोग घायल हैं। इससे पहले, सीएम ने प्रयागराज आ रही सड़कों का हवाई सर्वे किया। उन पर भीड़ की स्थिति समझी। अफसरों को और बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। महाकुंभ का शनिवार को 20वां दिन है। दोपहर 4 बजे तक 1.80 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 33.26 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, ₹यह ऐतिहासिक है, अब तक दुनिया में कहीं भी इतने लोग इकट्ठा नहीं हुए और प्रशासन द्वारा यहां किए गए बेहतरीन इंतजाम, मैं हैरान हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत में ऐसा आयोजन होगा... एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, लेकिन आप देख सकते हैं कि कितनी जल्दी सब कुछ संभाल लिया गया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए इंतजाम इतिहास में दर्ज हो गए हैं। ाहाकुंभ में आज एक नागा साधु भड़क गया। इस दौरान उसने एक सिपाही के साथ बदसलूकी भी की। सिपाही को नागा साधु ने डंडा भी मारा। वहीं सिपाही हाथ जोड़कर नागा साधु से विनती करता रहा। महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बिहार के गोपालगंज जिले के 04, औरंगाबाद जिले के 02, पटना जिले के 01, मुजफ्फरपुर जिले के 1, सुपौल जिले के 1, बांका जिले के 1, प० चंपारण जिले के 1, कुल 11 श्रद्धालुओं का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख अनुदान और घायल श्रद्धालुओं को 50 हजार मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्देश दिया है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ ने लेटे हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। योगी पास में हाथ जोड़े खड़े रहे। संगम में स्नान करने के बाद उप राष्ट्रपति जयदीप धनखड़, सीएम योगी और 77 देशों के 118 डेलीगेट्स अब अक्षयवट की तरफ बढ़ रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी हैं। उपराष्ट्रपति ने पक्षियों को दाना खिलाया। 77 देशों के राजनयिकों सहित 118 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज प्रयागराज में महाकुंभ पहुंचा। लातविया के राजनीतिक और आर्थिक मामलों के प्रथम सचिव मार्क्स डीटॉन्स ने कहा- जब मैं भारत के बारे में सोचता हूं, तो मैं इसे एक ऐसी जगह के रूप में सोचता हूं, जहां मानवता पहली बार प्रकाश में आई। आज यहां आकर बहुत अच्छा लगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज महाकुंभ आए हैं। बमरौली एयरपोर्ट के बाद वह हेलिकॉप्टर से डीपीएस पहुंचे। यहां योगी ने उनका स्वागत किया। महाकुंभ के किला घाट की तरफ बनाई गई भूल भुलैया वीरान पड़ी है। आमतौर पर महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन के दौरान शासन प्रशासन भूल भुलैया का प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। खास बात यह है कि इस बार महाकुंभ क्षेत्र में भूल भुलैया सेक्टर-2 में न बनाकर, किला घाट की तरफ बनाई गई। जो संगम नोज की तरफ जाने वाले आम रास्ते की तरफ नहीं आता। इस भूल भुलैया को श्रद्ध घाट के करीब और अक्षयवट मंदिर की तरफ खोला गया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी से कहाः सुबह 7 बजे एक महिला महामंडलेश्वर की गाड़ी रोक दी गई।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने किया पौधरोपण

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के गांव अहिरौली राजा के शिव मंदिर परिसर में हाटा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने पौधरोपण किया और जनसंपर्क भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक युग पुरुष की जन्मशताब्दी के अवसर पर पौधरोपण के कार्यक्रम का आयोजन कर एक नई परंपरा की शुरूआत किया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरुरी है,



इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधे अवश्य लगाना चाहिए। जिससे हम सभी अपने आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण में रख सकें। जैसे जल ही जीवन है ठीक उसी तरह वृक्ष भी हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक और अनमोल है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण की वजह से आज मनुष्य तरह-तरह के रोगों से ग्रसित है। मानव जीवन के लिए शुद्ध वातावरण बेहद जरुरी है। जो पेड़-पौधों से ही मिलेगा। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़-पौधों का होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष दिनेश जयसवाल, अजय जायसवाल, रामनरेश मिश्रा, उपेंद्र नाथ मिश्रा, मुकेश गोंड, दिनेश जयसवाल, सरवर आलम, चनद्रबली गोंड, अमरनाथ गुप्ता, बिशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 3 फरवरी को होगा टैबलेट का वितरण

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के स्थानीय पीके स्नातकोत्तर महाविद्यालय पटखौली में स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी ' स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण' योजना के तहत टैबलेट का वितरण किया जाना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक पाण्डेय ने बताया कि पात्र लाभार्थियों की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गयी है। उन्होंने बताया



कि टैबलेट वितरण 03 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के सभागार में किया जायेगा। सभी छात्र छात्राएं वांछित प्रपत्र के साथ समय से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# जल निगम की कार्यशैली से नाराज वायु विहार सड़क संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**आगरा।** वायु विहार सड़क संघर्ष समिति द्वारा आज एक ज्ञापन पानी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान को सौंपा गया। जिसमें समिति ने बाबूजी चौराहे से वायु विहार मार्ग एवं पथौली तक के क्षेत्र में स्थित एडीए अप्रूव कॉलोनियों में गंगाजल की आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जिलाधिकारी को दी गई गलत एवं निराधारपूर्ण आख्या के बारे में विस्तार से बताया। जैसा कि ध्यातव्य है कि वायु विहार सड़क संघर्ष समिति आगरा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन मंडलायुक्त आगरा एवं उसकी प्रतिलिपि 10 दिसम्बर 2024 को जिलाधिकारी को सौंपी थी। मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने समस्या के निस्तारण के लिए इसे नगर निगम एवं जल निगम ग्रामीण को भेज दिया। नगर निगम ने अपनी आख्या में में बताया कि यह शिकायत नगर निगम से सम्बन्धित न होकर उ०प्र० जल निगम से सम्बन्धित है। उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) आगरा ने इसे नगर निगम पर डालने के उद्देश्य से एडीए से पूछा कि आपने कॉलोनी



निर्माण हेतु अप्रूवल ग्रामीण क्षेत्र या शहरी क्षेत्र में से किसके लिए दिया है। एडीए ने अपने उत्तर में कहा कि यह सूचना हमारे पास उपलब्ध नहीं है जल निगम से सूचना लें। उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) आगरा ने जिलाधिकारी को सौंपी अपनी आख्या में कहा है कि इस क्षेत्र में स्थित कॉलोनियां एडीए अप्रूव हैं जिसकी गणना ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या में शामिल नहीं है यानि शहरी क्षेत्र में आती हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि बाबूजी चौराहे से वायु विहार मार्ग एवं पथौली तक के क्षेत्र में पचास से ज्यादा कॉलोनियां हैं। जो कि कलवारी एवं पथौली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती हैं। वहीं, वायु विहार सड़क संघर्ष समिति के सचिव विजयपाल नरवार का कहना है कि इन कॉलोनियों के निवासी प्रधान के चुनाव में वोट देते हैं। कलवारी और पथौली की प्रधानी के वोटर लिस्ट में इनके नाम देखे जा सकते हैं। इन सबके बावजूद उ०प्र० जल निगम ग्रामीण जिलाधिकारी को गुमराह कर रहा हैं। समिति ने मांग की कि जिलाधिकारी मामले की गम्भीरता एवं जनाकांक्षाओं को संज्ञान लेकर गंगाजल आपूर्ति हेतु लाइन बिछाने हेतु उतर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित करें। जिससे क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति संभव हो सके। समिति की ओर से ज्ञापन देने वालों में समिति सचिव विजयपाल नरवार के साथ सत्यवीर सिंह, पीयूष कटियार, रविन्द्र वर्मा,अभिषेक जैन, जग्गी प्रजापति आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# जीवन में अनुशासन और समर्पण को बढ़ाता है खेल : सीओ जोश

संवाददाता

**फाजिलनगर।** क्षेत्र के सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, फाजिलनगर में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, अन्य स्कूली गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर सीओ जोश ने कहा खेलकूद जीवन में अनुशासन और समर्पण को बढ़ावा देता है। सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन आवश्यक है। स्कूली शिक्षा के दौरान प्राप्त ज्ञान छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती जेसी जोश ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से छात्रों का चतुर्दिक विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर क्विज,



दौड़, ऊँची और लंबी कूद, भाला और गोला फेंक, कबड्डी, साइकिल रेस प्रतियोगिताओं के श्रेयांश, जूही, आलिया,यशराज, अनुश्री, सिद्धार्थ, नवनीत, सौम्या, आलिया, परी, नवनीत, सिद्धार्थ, साक्षी, शौर्य, सुरभि, निखिल, हर्ष, आदित्य, पायल, सद्दाम, अदिति, अनामिका, अक्षिता, आर्यन, पायल, वजाहत, अथर्व, सुरभि,अवनी आदि 260 विजेताओं को मेडल और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। विद्यालय में ओवर ऑल चैंपियन ब्लू हाउस बना।संचालन शिक्षक अजय कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर शिक्षक उपेन्द्रनाथ त्रिपाठी, पीके पांडेय, रवि दूबे, अशोक राय, बी. जमा, बजरंगी शर्मा, ओपी पांडेय, पीएन मिश्रा, सुधाकर मणि त्रिपाठी, विशाल शाही, संजय राय , नवीन दूबे, अताउल्लाह खान आदि उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय के लिए 30 आवेदन पत्र जमा

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित मण्डल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय सहजनवां गोरखपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने के लिए विभाग द्वारा तहसील क्षेत्र के नरकटिया और विभिन्न गांव में जागरूकता कैम्प का आयोजल्ल हुआ। श्रमिकों ने अपने 30 पाल्यों को प्रवेश परीक्षा में बैठाने के लिए आवेदन किया। हाटा तहसील क्षेत्र के ग्राम**



**नरकटिया में ग्रामप्रधान श्रीमती उमा देवी की अध्यक्षता में जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जहां विवेकानंद दुबे अनिल शर्मा गोविंद पटेल, विपुल मिश्रा, बेचू गुप्ता, संदीप गुप्ता, संजय प्रसाद मौजूद रहे।बी.ओ.सी. कर्मचारी शशिशेखर मिश्र ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 20 फरवरी 2025 है, जबकि प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम 09 मार्च 2025 दिन रविवार को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि यह विद्यालय उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के पाल्यों के लिए पूर्णतः सभी प्रकार के आधुनिक सुविधाओं से युक्त सह शैक्षणिक आवासीय विद्यालय है। यहां पर निः शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,भोजन, खेलकूद छात्रावास एवं गणवेश की व्यवस्था के साथ-साथ बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था है। उन्होंने आगे कहा कि कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने वाले छात्र छात्रा की जन्म तिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के मध्य एवं कक्षा 09 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले छात्र छात्रा की जन्म 01 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य होनी चाहिए। आवेदित छात्र छात्राओं के पिता/माता निर्माण श्रमिक होने की दशा में 30 नवंबर 2024 तक बोर्ड में पंजीयन कम से कम 03 वर्ष की सदस्यता पूर्ण हो और अंशदान अद्यतन नवीनीकृत होना चाहिए। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र, तीन पास्पोर्ट साइज फोटो एवं अनाथ होने की दशा में माता पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।**

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की कोशिश रंग लाई, एक घंटे के अन्दर बना आयुष्मान कार्ड



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में तैनात दरियादिल और बेमिसाल जिलाधिकारी घनश्याम मीना की कोशिश रंग लाई, ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे प्रांजल का एक घंटे के अन्दर बना आयुष्मान कार्ड। जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनपद वासियों की शिकायतों से रबरु थे, इसी दौरान सुमेरपुर विकासखंड के स्वासाखुर्द निवासी लखनलाल ने बताया कि उनका आधार कार्ड काफी वक्त से अपडेट नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते उनका आयुष्मान कार्ड नही बन पा रहा। जिसके चलते वो अपने 11 वर्षीय बेटे प्रांजल के ब्रेन ट्यूमर का इलाज नहीं करा पा रहा है, मामले की नजाकत को देखते हुये जिलाधिकारी ने बिना देर किये जिम्मेदार अधिकारियों की टीम बनाकर एक घंटे के अंदर पीड़ित का आधार कार्ड अपडेट कराया साथ ही मौके पर ही आयुष्मान, गोल्डन कार्ड बनाकर उसे एक्टिवेट कराया, वहीं आयुष्मान, गोल्डन कार्ड एक्टिवेट कराकर मौके पर ही फौरन पीड़ित को सौंपा। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान, गोल्डन कार्ड बन जाने से अब बच्चे के ब्रेन ट्यूमर का आयुष्मान भारत योजना के तहत अच्छे अस्पताल में इलाज हो सकेगा साथ ही बच्चा ठीक होकर तन्दुरुस्त हो सकेगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बच्चे के जल्द ठीक होकर तन्दुरुस्त होने की ईश्वर से कामना की। जनसुनवाई के दौरान करीब 92 शिकायते आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने मौके पर बेहतर तरीके से डिस्पोजल कर दिया। जबकि बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों को जल्द डिस्पोजल के निर्देश दिये, साथ ही कहा कि शिकायतों के डिस्पोजल में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### हमीरपुर पुलिस ने दो करोड़, आठ लाख, दस हजार, पाँच सौ रुपये कीमत के नशीले पदार्थों को कराया ध्वस्त

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में नशीले पदार्थों का हुआ डिस्पोजल, डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) की अध्यक्ष हमीरपुर पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा के निर्देशन में जिले के थानों में अवैध नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में माल के डिस्पोजल के लिये अदालत से जारी आदेश के तहत गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) ने मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनःप्रभावी पदार्थों के डिस्पोजल की कार्यवाही के तहत हमीरपुर पुलिस लाइन में जनपद के 12 थानों में दर्ज 67 मामलों में



832.420 किग्रा अवैध गांजा, 20 ग्राम स्मैक, 100 ग्राम डायजाफाम सहित 2700 नशीली गोलियां को ध्वस्त कराया गया। हमीरपुर पुलिस लाइन्स में सिलकोन वैलफियर सोसाइटी, वैस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के इन्सिनेटर ने करीब दो करोड़, आठ लाख, दस हजार, पाँच सौ रुपये कीमत के नशीले पदार्थों का ध्वस्तीकरण कराया गया। इस मौके पर माल डिस्पोजल कमेटी के मैम्बर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अग्निशमन अधिकारी हमीरपुर सहित जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

### 9 फरवरी को निरंकारी संत समागम, तैयारियां तेज, नपाप अध्यक्ष ने की सफाई



संवाददाता

**कुशीनगर।** 9 फरवरी को संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान कुशीनगर में होने वाले निरंकारी संत समागम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आज नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने भी कार्यक्रम स्थल पर सेवा कार्य कर कुदाल चलाई। इस बावत जोनल इंजार्ज कमलेश मणि त्रिपाठी ने बताया 9 फरवरी दिन रविवार को तथागत की महापरिनिर्वाण स्थली में रामाभार स्तूप के बगल में निरंकारी मिशन की मुखिया सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन छत्रछाया में निरंकारी संत समागम होगा। जिसको लेकर निरंकारियों में काफी उत्साह है। यहां आयी नपाप अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने साफ - सफाई, शुद्ध पेय जल, प्रसाधन आदि को लेकर नपापकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया ही और सेवाकार्य में भाग लेकर कुदाल भी चलाई। इस दौरान निरंकारी श्रद्धालु सेवा दल साधसंगत उपस्थित रहे।

### शिक्षिका प्रीति पांडेय ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण




संवाददाता

**कुशीनगर ।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में शनिवार को फाजिलनगर विकास खण्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गौराखोर में शिक्षिका प्रीति पांडेय के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर उन्हें घर पर पौधे लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी, नयनतारा सिंह, नयनपति सिंह, जमील अहमद, मधुलिका पूजा, द्रोपती देवी, शकुंतला देवी, मनीषा देवी आदि उपस्थित रहे।

# सरस मेले में हस्तशिल्प, हैंडलूम, जैविक उत्पाद जैसी सजावटी वस्तुएं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

## सेक्टर-12 टाउन पार्क के पास एसएचवीपी ग्राउंड में लगा मेला, आमजन के लिए मेले में प्रवेश नि :शुल्क

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सेक्टर-12 टाउन पार्क के पास एसएचवीपी ग्राउंड में आयोजित सरस मेले में हरियाणा सहित अन्य राज्यों के एसएचजी सदस्यों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम, जैविक उत्पाद, सजावटी वस्तुएं, और दैनिक उपयोग की वस्तुएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ये उत्पाद न केवल ग्रामीण भारत की रचनात्मकता को दर्शा रहे है, बल्कि महिला समूह सदस्यों की आजीविका को भी प्रोत्साहित कर रहे है।

यह जानकारी सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान ने देते हुए बताया कि डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यह मेला ग्रामीण हस्तशिल्प, संस्कृति और व्यंजनों का अद्भुत संगम बना है, जहां हरियाणा सहित देशभर के स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रहे है। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सरस मेला 2025 का आयोजन 6 फरवरी तक फरीदाबाद के एसएचवीपी ग्राउंड, सेक्टर-12, टाउन पार्क के पास किया जा रहा है। मेले में आमजन निशुल्क प्रवेश कर मेले के आयोजन का लाभ उठाएं।



उन्होंने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूह को एक मंच प्रदान करना है, जहां ये अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर सकें और व्यापक बाजार तक पहुंच बना सकें। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

ग्रामीण हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पाद देशभर के बेहतरीन शिल्पकारी द्वारा तैयार उत्कृष्ट वस्तुएं, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, बिहार राज्यों समेत विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम हर दिन लोक नृत्य, संगीत और कला के शानदार प्रदर्शन, महिला उद्यमिता की झलक: एसएचजी द्वारा निर्मित उत्पादों की विक्री और प्रदर्शनी, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण हैं।

# एबीवीपी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करने संगठन : शर्मा

## प्रांतीय अधिवेशन में लघु हरियाणा के होंगे दर्शन : मेहता

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 56वें प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को अधिवेशन गतिविधियों के संचालन के लिए विधिवत तौर पर कार्यालय की शुरूआत नारियल तोड़कर की गई। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष बीरभान शर्मा बतौर मुख्यातिथि रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एबीवीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, विद्या भारती के




अध्यक्ष देवप्रसाद भारद्वाज ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में एबीवीपी के प्रदेश अध्यक्ष प्राध्यापक सुशील मेहता थे। मुख्यातिथि वीरभान शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की अभाविप देश के युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाला संगठन है। यह अधिवेशन युवा शक्ति को संगठित कर देश के उज्जवल भविष्य की नींव रखने का कार्य करेगा।

प्रदेशाध्यक्ष प्राध्यापक मेहता ने बताया कि एबीवीपी के 56वें प्रांतीय अधिवेशन की मेजबानी इसबार फरीदाबाद जिले के कार्यकर्त्ताओं ने ली है। अधिवेशन 14 फरवरी से 16 फरवरी जेसी बोस विश्वविद्यालय में होगा। अधिवेशन में हरियाणा के सभी जिलों से करीब 600 छात्र, प्राध्यापक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवप्रसाद भारद्वाज ने कहा, विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रों के हित में कार्य करती रही है। यह अधिवेशन न केवल संगठनात्मक मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

# केजरीवाल की झूठ की पोल खोलने से दिल्ली में बढ़ी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मांग

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा के 9 क्षेत्रों में किया जनसभाओं को संबोधित और रोड शो में हुए शामिल**

**मुख्यमंत्री सैनी विधानसभा चुनाव में विपक्ष पर रहें आक्रामक और मोदी जी की योजनाओं को बतलाकर प्रचार में पार्टी प्रत्याशियों को कर रहें मजबूत**

**नायब सिंह सैनी की सभाओं से दिल्ली में बढ़ा बीजेपी कार्यकर्ताओं में जोश, नॉन स्टाप जनसंपर्क अभियान के दौरान मिल रहे जनसमर्थन से उड़ी विपक्ष की नींद**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुना के पानी की गुणवत्ता को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के झूठ की पोल खोलने के बाद दिल्ली में बेहद लोकप्रिय साबित हो रहे हैं। बीजेपी प्रत्याशियों द्वारा प्रचार के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मांग की जा रही है। नायब सिंह सैनी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए शनिवार को दिल्ली के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उनकी सभाएं व रोड शो रखे गए।

**कार्यकर्ताओं संग बजट सुनकर की प्रचार की शुरुआत**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अपने प्रचार अभियान की शुरुआत दिल्ली के चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी सतीश जैन के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा से पहले सिविल लाइन एरिया में वर्ष 2025-26 के आम बजट के प्रसारण को देखने के साथ की। उन्होंने पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजटीय संबोधन सुना। इसके उपरांत उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चांदनी चौक के प्रसिद्ध पकवानों का लुत्फ भी उठाया। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में एक सभा को भी संबोधित किया और दिल्ली के विकास के लिए बीजेपी क्यों जरूरी है यह मूलमंत्र भी कार्यकर्ताओं को समझाया।

**यमुना के जल का कलश लेकर बैलगाड़ी में सभा को संबोधित करने पहुंचे नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को निर्धारित शेड्यूल से अलग भी वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी पूनम शर्मा के समर्थन में रोड शो के लिए पहुंचे। पूनम शर्मा के समर्थन में गडरिया समाज द्वारा अशोक विहार की सिंध धर्मशाला में एक जनसभा भी रखी गई थी। इस जनसभा के लिए मुख्यमंत्री को बैलगाड़ी से जलूस की शकल में लाया गया। मुख्यमंत्री अपने साथ यमुना के पवित्र जल का कलश भी लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री का तलवार भेंट कर अभिनंदन करते हुए गडरिया समाज ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन देने की भी घोषणा की।

**आप की विफलताओं और मोदी की उपलबधियों पर रहा फोकस**

नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में पिछले दस सालों के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार की विफलताओं को लेकर सीधा हमला किया। अपनी विफलताओं



और कुप्रबंधन को छिपाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना के पानी में जहर मिलाने का झूठा प्रचार हरियाणा और दिल्ली के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यमुना उनके लिए केवल पानी का स्रोत नहीं बल्कि आस्था का विषय है। वे स्वयं यमुना का जल पीकर आए है और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के झूठ की पोल भी खोली है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान बढ़ा है। आठ तारीख को जब दिल्ली के नतीजे आएंगे और यहां कमल खिलेगा तो आपकी हर समस्या का समाधान होगा। जिस प्रकार हरियाणा में हमने मोदी जी की नीतियों को धरातल तक पहुंचाया, उसी तरह दिल्ली में युवाओं को शिक्षा, महिलाओं को सशक्त बनाने व आयुष्मान भारत व अन्य जनकल्याणकारी नीतियों को यहां पर लागू किया जाएगा।

**इन विधानसभा क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सैनी ने किया प्रचार**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को चांदनी चौक में प्रत्याशी सतीश जैन, वजीरपुर में पूनम शर्मा, बुराड़ी से शैलेंद्र, नांगलोई से मनोज शौकीन, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, तिलक नगर से श्वेता सैनी, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, जंगपुरा से तरविंदर मारवाह, मुंडका से गजेंद्र दराल के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया और रोड शो में शामिल हुए। उनके साथ हरियाणा से राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी इन सभाओं में शामिल हुए। अपने सादगी भरे संबोधन से मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता का खासा ध्यान भी आकर्षित किया।

दिल्ली में शनिवार को अधिकतर कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री सैनी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। मुख्यमंत्री के साथ एक ओर जहां लोग सेल्फी ले रहे थे वहीं दूसरी ओर उनके संबोधन की शैली को लेकर सभी क्षेत्रों में चर्चा बनी रही।

# हरियाणा में सुविधाओं के लिहाज से प्रदेश की सबसे अव्वल होगी लाडवा विधानसभा : सुमन सैनी

**हरियाणा राज्य महिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कुरुक्षेत्र से प्रयागराज बस सेवा को हरी झंडी देकर किया रवाना।**

**लाडवा से प्रयागराज तीर्थ के लिए निरंतर चलेगी बस सेवा, रोडवेज विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार तीर्थ यात्रियों के लिए शुरू की प्रयागराज तीर्थ तक बस सेवा।**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हरियाणा में सुविधाओं के लिहाज से लाडवा विधानसभा सबसे अव्वल विधानसभा के रूप में अपनी पहचान बनाएंगी। इस विधानसभा के नागरिकों को तमाम मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जा रही है। इस हल्का के विकास, लोगों की समस्याओं, मांगों, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलों की उच्च स्तरीय सुविधाएं देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे काम कर रहे है।

उपाध्यक्ष सुमन सैनी शनिवार को लाडवा बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज विभाग कुरुक्षेत्र की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्ष सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, नपा अध्यक्ष साक्षी




खुराना व एसडीएम पंकज सेतिया ने कुरुक्षेत्र लाडवा से प्रयागराज तक बस सेवा को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने यात्रियों से बातचीत की और प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह बस रोजाना प्रयागराज तीर्थ के लिए लाडवा से 1:15 पर तथा कुरुक्षेत्र से दोपहर 2 बजे चलेगी। इसके साथ ही उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लाडवा से प्रयागराज तक रोडवेज विभाग की तरफ से बस सेवा शुरू की गई है। इस बस सेवा से लाडवा कुरुक्षेत्र ही नहीं आस-पास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि हर व्यक्ति प्रयागराज महाकुंभ में जाकर श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाए। इससे लोगों को अन्य राज्यों के प्रमुख तीर्थ स्थलों को देखने और जानने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर क्षण लाडवा के विकास के बारे में सोचते है। आने वाले समय में लाडवा में अनेक विकासकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा ही आमजन के हितों को जहन में रखकर कार्य करती है। इससे पहले विपक्षी दलों ने दिल्ली के लोगों का शोषण करने का काम किया। जिसके कारण दिल्ली के नागरिकों ने भाजपा को भारी मतों से जिताने का मन बना लिया है। इसके अलावा एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए उपाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में हर राज्य में भाजपा की सरकार होगी और लोग सुखी जीवन व्यतीत करेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, नरेन्द्र दबखेडा, डा. गणेश दत्त, प्रदीप सहगल, राहुल सैनी, अश्वनी जैन, देवराज, राजेश भूरा, अनिल गुप्ता, साधू सिंह, राजकुमार सैनी, सतप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# देश के मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों की अपेक्षा व आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला बजट है: जितेन्द्र भड़ाना



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बीजेपी पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने केन्द्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश के मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों की अपेक्षा व आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला बजट है और विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वित्तमंत्री ने बजट में मध्यम वर्ग के लिए खजाने का पिटारा खोल दिया है जिससे मध्यम वर्ग मजबूत होगा। यह गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं की आकंक्षाओं का पूर्ण करने वाला बजट है। बजट में टैक्सपेयर्स को बड़ी सौगात देते हुए 1 लाख रुपये महीना यानि 12 लाख रुपये वर्ष तक की आय पर इनकम टैक्स की छूट माध्यम वर्ग को मजबूत बनाएगी। ग्राम अर्थव्यवस्था और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। यह बजट एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण में सहायक बनेगा। श्री भड़ाना ने कहा कि एक सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी एवं विकसित भारत की तरफ कदम बढाने वाले बजट के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ और हार्दिक बधाई देता हूँ।

# केन्द्र सरकार का आम बजट शानदार और जोरदार है : देवेन्द्र अग्रवाल



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए यूनियन बजट 2025 को आज समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने सराय मार्किट मे दीपमाला एम्पोरियम में दुकानदारों जिनमें सुशील, सुभाष पंडित, दीपक पारिख, दिपिन बिंदल, चमन अग्रवाल, विनोद मंगला, संजय अग्रवाल, राजेन्द्र नमक वाले और ग्रहकों के साथ टीवी पर देखा और सुना। बजट पर अपनी प्रतिर्क्रिया देते हुए देवेन्द्र अग्रवाल (देबू) ने कहा कि इस बजट की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है क्योकि बजट में आयकर में राहत केंद्र सरकार का मध्यम वर्ग नौकरी पेशा जनता को बड़ा तोहफा है, क्योकि सरकार यह अच्छी तरह जानती है कि मध्यम वर्ग भारत के विकास को शक्ति प्रदान करता है। उन्होनें कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला, किसानों की बेहतरी पर सरकार ने फोकस किया है। देवेन्द्र अग्रवाल (देबू) ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट शानदार और जोरदार है।

# भाजपा छोड़ आप पार्टी में शामिल हुए लक्ष्मी नगर विधानसभा से मनिंदर सिंह




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**दिल्ली।** लक्ष्मी नगर विधानसभा से भाजपा नेता रहे मनिंदर सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए दिल्ली चुनाव मे नेताओं और कार्यकर्ताओं का दल बदल अभी भी जारी है! हाल ही मे लक्ष्मीनगर विधानसभा मे मनिंदर सिंह जी भी अपने साथियों के साथ भाजपा का दामन छोड़ आप पार्टी मे शामिल हुए।

# केंद्रीय बजट में सभी वर्गों का रखा गया ध्यान : मूलचंद शर्मा



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक पंश मूलचंद शर्मा ने केंद्र सरकार के बजट को आम जन मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में 12 लाख तक की इनकम टैक्स रिबेट के साथ साथ किसानों को दलहन खेती, कैंसर जैसी बीमारी की दवाइयों में छूट के साथ साथ युवा वर्ग और बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। विधायक मूलचंद शर्मा ने देश के प्रधानंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है उन्होंने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। उन्होंने कहा की विपक्ष का काम हमेशा अच्छे कार्यों में कमियां निकालने का ही रहा गया है विपक्षियों की दुकान बंद हो चुकी है विपक्ष के पास गाल बजाने के सिवाय कुछ काम नहीं है।

# बल्लभगढ़ में सिही गेट रोड नाले की सफाई का कार्य शुरू

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम द्वारा शहरवासीयों को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता का माहौल देने का कार्य तीव्र गति के साथ चला हुआ है।बल्लभगढ़ सेक्टर तीन में सीवर लाइन की सफाई और नालों की सफाई का कार्य जारी है। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास में दिशा निर्देशों पर बल्लभगढ़ में एक्सएइन ओ पी कर्दम की देखरेख में यह कार्य चला हुआ है,निगम के जेई करण रावत ने बताया की सीही गेट रोड के नाले की सफाई कराई गई है वही सेक्टर तीन मार्किट रोड पर सुपर सोकर मशीन से सीवर लाइन में आ रही दिक्कत को दूर किया गया है । उनका कहना है कि कुछ बड़ी लाइन पर एफएमडीए द्वारा सीवरेज सफ़ाई का कार्य चला हुआ है जैसे ही ये कार्य पूरा हो जाएगा स्थानीय निवासियों की सीवरेज की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## संपादकीय

### मध्यम वर्ग को फायदा देने वाला बजट

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है।

## हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : एसडीएम वीरेंद्र सिंह

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को गांव झुप्पा कलां में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया। ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला के साथ साथ उप मंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नागरिकों की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनका समाधान किया जा रहा है। समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाता है और जो समस्याएं मुख्यालय से संबंधित होती हैं, उनको सरकार के पास भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे



गांव के विकास में अपना योगदान दें। गांव के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए। गांव के विकास में अपना कुछ न कुछ योगदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि गांव की साफ-सफाई रखना हमारे हाथ में है। अपने आसपास परिवेश में गंदगी का आलम न बनने दें।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जरूरतमंद पात्र लोगों के कल्याण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनका लाभ जरूरतमंद लोगों को लेना चाहिए। योजना की जानकारी लेने के लिए वे संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि आजकल सभी योजनाएं परिवार पहचान पत्र के साथ में जुड़ी हुई हैं। सरकार द्वारा सभी जरूरी सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, सरकार का उद्देश्य है कि पारदर्शिता के साथ जरूरतमंद और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे रूप से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वे नागरिकों के समक्ष योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न आने दें।

**ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत**

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत झुप्पा कलां की तरफ से सभी अधिकारियों का फूल मालाओ जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने तिलक व पगड़ी पहनकर एसडीएम व अधिकारियों का स्वागत किया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे गांव में ड्रग्स आदि नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने में जिला प्रशासन का हर संभव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, एसडीओ पशुपालन राजकुमार बैनीवाल, सचिव मार्केट कमेटी शिवकुमार, एसडीओ कृषि डॉ सुभाष चन्द्र, मत्स्य अधिकारी डॉ बलबीर सिंह, ग्राम सचिव रणधीर सिंह, मनदीप बलारा, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह व पंचों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आमजन के लिए राहत की उम्मीद लेकर आया बजट : प्रो रामबिलास शर्मा



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** केंद्र सरकार की ओर से शनिवार को संसद में पेश किए गए बजट को भाजपा नेता ने सराहनीय करार देते हुए देश की तक्की वाला बताया है। किसानों की सुविधा के लिए केसीसी की लिमिट 3 से बढाकर 5 लाख रूपये की गई है। युवाओं के लिए आईआईटी में 6500 सीटों की बढौतरी की गई है। हरियाणा के पूर्व शिक्षामंत्री प्रो रामबिलास शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 12 लाख रूपये आय तक टैक्स-फ्री कर आमजन को उम्मीद से भी बड़ी राहत दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 12 लाख रुपये तक की इनकम को पूरी तरह टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। इसके साथ ही सरकार नया टैक्स कानून भी ला रही है। नये टैक्स कानून के लिए अगले सप्ताह संसद में विधेयक पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, मिडल क्लास पर विशेष फोकस किया है। अटेली हलके के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा कि पेश किया गया बजट देश को विकास में गति वाला है। मध्यम वर्ग सहित आमजन के लिए खुशी भरा है। राज्यों को 50 वर्ष तक 1.5 लाख करोड़ का ऋण ब्याज मुक्त प्रदान करने से राज्यों का बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। मेडिकल की पढ़ाई के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में कॉलेजों और अस्पतालों में 10 हजार नई सीटें जोड़ने से युवाओं को लाभ मिलेगा। 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। 36 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह से हटाया गया है। 6 लाइव सेविंग दवाओं पर 6 फीसदी कस्टम ड्यूटी रहेगी। जिससे स्वास्थ सुविधाओं में बढौतरी होगी।

## भ्रामक व चुनावी पत्र जैसा है बजट : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** केंद्रीय बजट पेश होने पर सत्ता पक्ष जहां इसे अच्छा बताते हुए गुणगान कर रहा है वहीं कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल इसे पूरी तरह से खराब साबित कर रहे हैं। हरिराणा कांग्रेस के दिग्गज नेता नूंह विधायक आफताब अहमद ने दिल्ली चुनावों में अपनी प्रतिबद्धताओं के बीच बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये भ्रामक व चुनावी पत्र जैसा है, जहां चुनाव होने हैं उनके लिए घोषणाओं का अंबार है वो सिर्फ चुनावी फायदे के लिए है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बजट बहुत निराशाजनक है। इसे दिल्ली, बिहार के मतदाताओं को लुभाने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री ने कही है कि 12 लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं है। फिर वह कहती हैं कि 8-12 लाख रुपये के लिए 10% का स्लैब है। यह बहुत भ्रामक

**जहां चुनाव होने हैं उनके लिए घोषणाओं का अंबार : आफताब अहमद**

**हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने क्यों पूरे नहीं किए वायदे : आफताब अहमद**

है। वह मतदाताओं से वादा करने की कोशिश करती हैं कि 12 लाख रुपये तक कर में छूट है, लेकिन यह सरल और सीधा नहीं है। उन्हें टीडीएस और इन सभी चीजों में दावा करना होगा। एक बार फिर मध्यम वर्ग के लिए निराशा वाला बजट है। ऐसा लगता है कि वित्त मंत्री ने एक बार फिर मध्यम वर्ग को धोखा दिया है। बुनियादी ढांचा देश के बाकी हिस्सों के लिए नहीं है, यह केवल बिहार की ओर जा रहा है क्योंकि इस साल



बिहार में चुनाव हैं।

विधायक आफताब अहमद ने भाजपा केंद्र सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि पिछले बजट की घोषणाओं का क्या हुआ। जब भी कोई राज्य चुनाव के लिए आता है, तो उसे असंगत मात्रा में तरजीह मिलती है। लेकिन ऐसा लगता है कि आजकल बजट इसी राजनीतिक दिशा में बनाए जात रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने सवाल उठाते हुए कहा कि बजट में बेरोजगारी का कोई जिक्र नहीं है। वित्त मंत्री ने बेरोजगारी का उल्लेख नहीं किया। विडंबना यह है कि जो पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव चाहती है, वह वास्तव में प्रत्येक वर्ष प्रत्येक राज्य में होने वाले प्रत्येक चुनाव का उपयोग अधिक मुफ्त सुविधाएं देने के लिए कर रही है। हालाकिं चुनाव जीतने के बाद वो उन्हें जुमला कह जाते हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में 500 रुपए में सिलेंडर देने का वायदा आज तक भी भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया है। प्रदेश की भी बजट में अनदेखी की गई है।ण किसान पिछले चार साल से एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने किसानों के लिए क्या घोषणा की ? यह किसान विरोधी बजट है। अपने हक के लिए लड़ रहे किसानों की सुनवाई नहीं हुई, यह दुखद है।

## आनलाईन भैंस खरीदने के चक्कर में 63 हजार रूपये ठगाए

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एक ओर पुलिस कर्मचारी जगह-जगह कैंप आयोजित कर आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर आनलाईन ठगी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। लोभ-लालच के वशीभूत होकर ग्रामीण आसानी से हैकर्स का निशाना बन रहे हैं। इसी कडी में यू-ट्यूब पर भैंस खरीदने के मामले में एक व्यक्ति 63 हजार रूपये की ठगी का शिकार हो गया। इस बारे में कनीना विकास खंड के गांव सिहोर निवासी हजारी लाल ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बीती 3 जनवरी को उसने अपने मोबाइल फोन से यू-ट्यूब पर लक्ष्मीनारायण डेयरी फार्म चित्तोडगढ के नाम से आन लाईन विज्ञापन देखा। जिसमें भैंस खरीदने का ऑफर किया गया था। विज्ञापन को सही मानकर हजारी लाल ने दिए गए मोबाइल नम्बर पर भैंस खरीदने के लिए संपर्क किया। विडीयो कॉल कर उन्होंने भैंस दिखाते हुए 63 हजार रूपये ऑनलाईन भेजने को कहा। हजारी लाल ने यूपीआई आईडी से उपरोक्त राशि लक्ष्मीनारायण को भेज दी। अब उसे न तो भैंस मुहैया करवाई जा रही ओर न ही रकम बल्कि संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जा रहा। उसने माना है कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। पुलिस ने हजारी लाल की शिकायत पर आनलाईन ठगी करने के आरोपी के विरूध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## शहीद स्मारक पर हवन का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना निवासी एवं दिल्ली पुलिस के शहीद हवलदार अशोक कुमार की 26वीं पुण्यतिथि पर शनिवार, एक फरवरी को उनके शहीद स्मारक पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबुधजनों ने हिस्सा लिया। शहीद अशोक कुमार को भावभीनी श्रधाजंली अर्पित की। शहीद के पुत्र दुष्यंत ने बताया कि एक फरवरी 1999 में अपराधियों का पीछा करते हुए अशोक कुमार ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। तत्कालीन पुलिस आयुक्त ने उनकी बहादुरी पर वीरता पुरस्कार,शौर्य चक्र से नवाजा था। उनके शहीद स्मारक पर प्रतिवर्ष हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाता है। शनिवार को आयोजित समारोह में नगरपालिका कनीना की पूर्व चेयरपर्सन संतोष देवी, पूर्व सचिव रोहताश सिंह,अरविंद जोशी, अशोक कुमार, रामौतार,रूबी, अशोक वर्मा,रिंकुल, उमेश कुमार, मुकेश, सोनू, दीपक, कुमार, विजय कुमार, मनीष,महेश, महेंद्र सैन, अंकित सहित प्रबुधजनों ने हिस्सा लिया।

## अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वसंतोत्सव का आयोजन



**वसंत पंचमी का पर्व खासतौर पर ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए समर्पित है : ममता सिंह**

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वसंतोत्सव का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूरी कमेटी उपस्थित थी और उनके द्वारा सरस्वती प्रतिमा के अनावरण तथा उनके पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह ने सभी को बंसत पंचमी के पावन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रगों और त्योहारों के देश भारत में बसंत पंचमी एक बड़ा पर्व है। वसंत पंचमी का पर्व खासतौर पर ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए समर्पित है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां बढ़ती हैं। वसंतोत्सव मेले में मनोरंजन का हर साधन मौजूद था। मेले में तरह-तरह के खाने पीने के स्टाल लगाए गए थे। इसके साथ ही ऑन द स्पॉट ड्राइंग कंपटीशन और पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता भी रखी गई थी। इसमें कला के विभिन्न प्रकार शिबोरी, ब्लॉक प्रिंटिंग, स्पिन आर्ट , मेहंदी के स्टॉल के साथ ही अनेक प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें आधुनिक खेलों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों के भी स्टाल लगाए गए थे। बच्चों के अंदर की छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने के लिए लाइव सिंगिंग और डांस के कार्यक्रम भी दिखाए गए। मेले में मनोरंजन के साथ-साथ पढ़ाई को भी प्राथमिकता दी गई और इसके लिए अपने स्कूल से बाहर के प्रतिभा शाली विद्यार्थियों के लिए 100प्रतिशत स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए परीक्षा कराई गई। मेले में लकी ड्रा के द्वारा टीवी, एयर प्यूरीफायर, माइक्रोवेव, जूसर जैसे अनेक पुरस्कार भी दिए गए। इस कार्यक्रम में श्रीमती विभूति जेसल, श्रीमती प्रीति तनेजा, श्रीमती प्रतिमा ओबेरॉय और नरपल यादव के साथ समूचा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एयरफोर्स में ज्वाइन करने के बाद गांव पहुंचे सचिन श्योराण

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** खंड के गांव ढाणी किशनलाल के सचिन का एयरफोर्स में ज्वाइन करने के बाद गांव पहुंचने पर आज शनिवार के दिन जोरदार स्वागत किया गया। गांव व समाज के लोगों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। आपको बताने की खंड के गांव ढाणी किशन लाल के सचिन पुत्र बलवान सिंह का एयरफोर्स में एयरफोर्स की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद शनिवार को गांव पहुंचे जहां उनका गांव के लोगों ने और समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सचिन एयरफोर्स में वीपीएन फिटर के पद पर नियुक्त हुआ है और उनकी नियुक्ति कर्नाटक प्रदेश में हुई है। इस मौके पर सुभाष चंद्र वकील रोहतास श्योराण ठेकेदार सुनील वकील, सुनील श्योराण, मुकेश टेलर, जोगीनदर, रामकुमार, मास्टर सोमवीर सोनी, सरपंच उषा देवी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कनीना के प्राथमिक शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया एनपीएस का विरोध

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा में ओपीएस, ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने तथा एनपीएस के विरोध में हरियाणा प्राईमरी टीचर एसोसिएशन ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया है। कनीना विकास खंड के प्राईमरी विंग के शिक्षकों ने हरियाणा सरकार से ओपीएस बहाल करने की मांग करते हुए आदोंलन की चेतावनी भी दी है। जीपीएस भोजावास में एकत्रित शिक्षकों को सम्बोंधित करते हुए प्राईमरी टीचर एसोसिएशन के क्नीना ब्लॉक प्रधान रामकिशन गोमला ने कहा कि एनपीएस, न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के हित में नहीं है। इसके दुष्प्रभावों को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारी पिछले समय से विरोध कर रहे हैं। शनिवार को खंड के सभी प्राथमिक शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर ओपीएस का विरोध जताया है।

## एसडी विद्यालय ककराला में किया सांस्कृतिक समारोह का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव ककराला में संचालित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर शनिवार को भव्य रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नर्सरी से सीनिसर किड्स के सभी छात्रों और अध्यापकों ने मिलकर बसंती छटा बिखेरी। इस समारोह की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने प्रधानाचार्य ओमप्रकाश व सीईओ आरएस यादव की उपस्थिति में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। तदुपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बसंत पंचमी के महत्व आधारित सुंदर नाटक का मंचन किया। चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि बसंत पंचमी का त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, यह त्योहार ज्ञान, संगीत और कला की देवी माँ सरस्वती की पूजा का दिन है। इसके बाद विद्यार्थियों ने बसंत ऋतु से जुडे संस्मरण प्रस्तुत किए। प्रश्नोत्री, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे आत्म विश्वास से जवाब दिए। श्री जगदेव यादव ने विद्यार्थियों को ज्ञान, संगीत और कला के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर ईशवर सिंह, जोगेन्द्र यादव, स्नेह यादव व प्रियंका यादव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिकों की सेवा ही समाज की सच्ची सेवा है : सूरजपाल भूरा

### चांदपुर गांव में ALIMCO द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** गाँव में चाँदपुर में ALIMCO (आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को घुटने का सपोर्ट, एलएस बेल्ट, व्हीलचेयर, कमोड चेयर, वॉकिंग स्टिक, कान की मशीन सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन का आधार हैं, एवं वरिष्ठ नागरिकों की सेवा ही समाज की सच्ची सेवा है।

इससे पहले ALIMCO के PO (प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स) पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण



किया गया, ताकि हर व्यक्ति को उसकी आवश्यकतानुसार सही उपकरण प्रदान किए जा सकें।

यह पहल बुजुर्गों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन को सरल करने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयास से भाजपा सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503




# क्यों की जाती है वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा



बसंत पंचमी का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह त्योहार ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस दिन माँ सरस्वती की पूजा की जाती है और उन्हें पीले रंग के फूल और भोग अर्पित किए जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन मनाई जाती है। साल 2025 में, यह तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। तिथि के अनुसार, बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी।

## वसंत पंचमी का महत्व

भारतीय पंचांग में 6 ऋतुएं होती हैं। इनमें से वसंत को 'ऋतुओं का राजा' कहा जाता है। वसंत फूलों के खिलने और नई फसल के आने का त्योहार है। ऋतुराज वसंत का बहुत महत्व है। ठंड के बाद प्रकृति की छटा देखते ही बनती है।

इस मौसम में खेतों में सरसों की फसल पीले फूलों के साथ, आमों के पेड़ों पर आए फूल (मौर या बौर), चारों तरफ हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को और भी खुशनुमा बना देती है। यदि सेहत की दृष्टि से देखा जाए तो यह मौसम बहुत अच्छा होता है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस ऋतु को काम बाण के लिए भी अनुकूल माना जाता है।

यदि हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक देखा जाए तो इस दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। यही कारण है कि यह त्योहार हिन्दुओं के लिए बहुत खास है। इस त्योहार पर पवित्र नदियों में लोग स्नान आदि करते हैं और इसके साथ ही वसंत मेले आदि का भी आयोजन किया जाता है। सृष्टि की रचना करते समय ब्रह्माजी ने मनुष्य और जीव-जंतु योनि की रचना की। इसी बीच उन्हें महसूस हुआ कि कुछ कमी रह गई है जिसके कारण सभी जगह सन्नाटा छाया रहता है। इस पर ब्रह्माजी ने अपने कमंडल से जल छिड़का जिससे 4 हाथों वाली एक सुंदर स्त्री, जिसके एक हाथ में वीणा थी तथा दूसरा हाथ वरमुद्रा में था तथा अन्य दोनों हाथों में पुस्तक और माला थी, प्रकट हुई।

ब्रह्माजी ने वीणावादन का अनुरोध किया जिस पर देवी ने वीणा का मधुर नाद किया। जिस पर संसार के समस्त जीव-जंतुओं में वाणी व जलधारा कोलाहल करने लगी तथा हवा सरसराहट करने लगी। तब ब्रह्माजी ने उस देवी को 'वाणी की देवी सरस्वती' का नाम दिया। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादिनी और वाग्देवी आदि कई नामों से भी जाना जाता है। ब्रह्माजी ने माता सरस्वती की उत्पत्ति वसंत पंचमी के दिन की थी। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष वसंत पंचमी के दिन ही देवी सरस्वती का जन्मदिन मानकर पूजा-अर्चना की जाती है।

## सरस्वती व्रत की विधि

वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करनी चाहिए। प्रात:काल सभी दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के उपरांत मां भगवती सरस्वती की आराधना का प्रण लेना चाहिए। इसके बाद दिन के समय यानी पूर्वाह्न काल में स्नान आदि के बाद भगवान गणेशजी का ध्यान करना चाहिए। स्कंद पुराण के अनुसार सफेद पुष्प, चंदन, श्वेत वस्त्रादि से देवी सरस्वतीजी की पूजा करना चाहिए। सरस्वतीजी का पूजन करते समय सबसे पहले उनको स्नान कराना चाहिए। इसके पश्चात माता को सिन्दूर व अन्य श्रृंगार की सामग्री चढ़ाएं। इसके बाद फूलमाला चढ़ाएं।

## देवी सरस्वती का मंत्र

मिठाई से भोग लगाकर सरस्वती कवच का पाठ करें। मां सरस्वतीजी के पूजा के वक्त इस मंत्र का जाप करने से असीम पुण्य मिलता है।

'श्रीं ह्रीं सरस्वत्यै स्वाहा'।

मां सरस्वती का श्लोक - मां सरस्वती की आराधना करते वक्त इस श्लोक का उच्चारण करना चाहिए-

*ऊँ श्री सरस्वती शुक्लवर्णां सस्मितां सुमनोहराम।।*
*कोटिचंद्रप्रभामुष्टपुष्टश्रीयुक्तविग्रहाम।*
*वह्निशुद्धां शुकाधानां वीणापुस्तकमधारिणीम।।*
*रत्नसारेन्द्रनिर्माणनवभूषणभूषिताम।*
*सुपूजितां सुरगणैब्रह्मविष्णुशिवादिभि:।।*
*वन्दे भक्तया वन्दिता च।*

**विशेष उपाय**- आपका बच्चा यदि पढ़ने में कमजोर है तो वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा करें एवं उस पूजा में प्रयोग की हल्दी को 1 कपड़े में बांधकर बच्चे की भुजा में बांध दें। मां सरस्वती को 'वाणी की देवी' कहा माना जाता है इसलिए मीडिया, एंकर, अधिवक्ता, अध्यापक व संगीत आदि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा जरूर करनी चाहिए। माता सरस्वती की पूजा-अर्चना आदि करने से मन शांत होता है व वाणी में अच्छा निखार आता है। यदि आप चाहते हैं कि आपके बच्चे परीक्षा में अच्छे नंबर लाएं तो आप अपने बच्चे के कमरे में मां सरस्वती की तस्वीर अवश्य लगाएं। जो लोग बहुत ही तीखा बोलते हैं जिस कारण उनके बने-बनाए काम भी बिगड़ जाते हैं, उन लोगों को मां सरस्वती की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



# क्यों की जाती है गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा?

हिन्दू माह के अनुसार नवरात्रि वर्ष में चार पवित्र माह में आती है। यह चार माह है - माघ, चैत्र, आषाढ और अश्विन। चैत्र माह की नवरात्रि को बड़ी नवरात्रि और अश्विन माह की नवरात्रि को छोटी नवरात्रि कहते हैं। दरअसल, बड़ी नवरात्रि को बसंत नवरात्रि और छोटी नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहते हैं। दोनों के बीच 6 माह की दूरी है। बाकी बची दो आषाढ़ और माघ माह की नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहते हैं।

## नवरात्रि की 9 देवियां हैं

शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। यह सभी माता सती-पार्वती और अम्बिका के ही रूप हैं।

## गुप्त नवरात्रि की देवियां

1.काली, 2.तारा, 3.त्रिपुरसुंदरी, 4.भुवनेश्वरी, 5.छिन्नमस्ता, 6.त्रिपुरभैरवी, 7.धूमावती, 8.बगलामुखी, 9.मातंगी और 10.कमला। उक्त दस महाविद्याओं का संबंध अलग अलग देवियों से हैं।

प्रवृति के अनुसार दस महाविद्या के तीन समूह हैं। पहला - सौम्य कोटि (त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, मातंगी, कमला), दूसरा - उग्र कोटि (काली, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी), तीसरा - सौम्य-उग्र कोटि (तारा और त्रिपुर भैरवी)।

दस महाविद्याओं की पूजा : वैसे तो गुप्त नवरात्रि में भी उन्हीं नौ माताओं की पूजा और आराधना होती है लेकिन यदि कोई अघोर साधान करना चाहे तो दस महाविद्या में से किसी एक की साधना करता है जो गुप्त नावरात्रि में सफल होती है। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं, शक्ति साधना, महाकाल आदि से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्त्व रखती है। इस दौरान देवी भगवती के साधक बेहद कड़े नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं। इस दौरान लोग लंबी साधना कर दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति करने का प्रयास करते हैं। भगवान विष्णु शयन काल की अवधि के बीच होते हैं तब देव शक्तियां कमजोर होने लगती हैं। उस समय पृथ्वी पर रुद्र, वरुण, यम आदि का प्रकोप बढ़ने लगता है इन विपत्तियों से बचाव के लिए गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना की जाती है।

# वसंत पंचमी के दिन किए जाते हैं ये खास 10 कार्य

हिन्दू मान्यता के अनुसार वसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त जाने शुभ और मांगलिक कार्य किए जाते हैं। वसंत पंचमी परंपरागत त्योहार होने के कारण कई प्राचीन मान्यताएं भी समाज में हैं। आइए जानते हैं किन खास दिनों का पर्व हैं वसंत पंचमी-

- वसंत पंचमी के दिन को मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं।
- यह दिन वसंत ऋतु के आरंभ का दिन होता है।
- इस दिन बच्चों को पहला अक्षर लिखना सिखाया जाता है। नव बालक-बालिका इस दिन से विद्या का आरंभ करते हैं।
- पितृ तर्पण किया जाता है।
- कामदेव की पूजा की जाती है।
- संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों का पूजन करते हैं।
- स्कूलों और गुरुकुलों में सरस्वती और वेद पूजन किया जाता है।
- विद्या की देवी सरस्वती और ग्रंथों का पूजन किया जाता है।
- इस दिन पहनावा भी परंपरागत होता है। पुरुष कुर्ता-पाजामा में और स्त्रियां पीले या वासंती रंग की साड़ी पहनती हैं।
- गायन और वादन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं जो सरस्वती मां को अर्पित किए जाते हैं।

## वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती पूजने से होती है धन की वृद्धि

शास्त्रों में वर्णित है कि वसंत पंचमी के दिन ही शिव जी ने मां पार्वती को धन और सम्पन्नता की अधिष्ठात्री देवी होने का वरदान दिया था। उनके इस वरदान से मां पार्वती का स्वरूप नीले रंग का हो गया और वे 'नील सरस्वती' कहलाईं। वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती का पूजन करने से धन और सम्पन्नता से सम्बंधित समस्याओं का समाधान होता है। वसंत पंचमी की संध्याकाल को 'ऐं ह्रीं श्रीं नील सरस्वत्यै नम:' मंत्र का जाप कर गौ सेवा करने से धन वृद्धि होती है। उज्जैन में सरस्वती देवी की एक प्रतिमा सिंहपुरी क्षेत्र में बिजासन माता मंदिर के सामने प्रतिष्ठित हैं। जिन्हें सभी भक्त बरसों से स्याही अर्पित करते हैं। मान्यता है कि वही नील सरस्वती हैं।


# वसंत पंचमी पर राशि अनुसार पढ़ें सरस्वती मंत्र

गुप्त नवरात्रि में पंचमी के दिन अर्थात माघ शुक्ल पंचमी के दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस दिन से वसंत ऋतु प्रारंभ होती है। इस दिन को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है।

इस दिन ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। विद्यार्थी वर्ग को इस दिन माता का पूजन कर श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त करने के लिए सरस्वती आराधना करना चाहिए। इस दिन यदि अपनी राशि अनुसार मंत्र का जाप करें, तो अनन्य फल प्राप्त होता है। ज्ञानदायिनी मां सरस्वती विशेष बुद्धि और विद्या का वरदान दें, इस प्रकार कामना करते हुए आराधना करें.

मेष- ऊँ महाभद्रायै नम:।

वृषभ- ऊँ महापातक नाशिन्यै नम:। मिथुन- ऊँ महाविद्यायै नम:। कर्क- ऊँ शिवानुजायै नम:। सिंह- ऊँ सुनासायै नम:। कन्या- ऊँ दिव्यांगाय नम:। तुला- ऊँ मालिन्यै नम:। वृश्चिक- ऊँ विश्वायै नम:। धनु- ऊँ सौदामिन्यै नम:। मकर- ऊँ वाग्देव्यै नम:। कुंभ- ऊँ तीव्रायै नम:। मीन-ऊँ शारदे नम:।





# आ रही है वसंत पंचमी क्या करें विद्यार्थी

वसंत पंचमी सभी के लिए महत्व रखती है। वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों को माता सरस्वती की आराधना अवश्य करनी चाहिए। जो लोग सरस्वती के कठिन मंत्र का जप नहीं कर सकते उनके लिए प्रस्तुत है मां सरस्वती के सरल मंत्र। वसंत पंचमी में इस मंत्र का पाठ करने से विद्या और बुद्धि में वृद्धि होती है।

ऊँ शारदा माता ईश्वरी मैं नित सुमरि तोय हाथ जोड़ अरजी करूं विद्या वर दे मोय।'

मां सरस्वती का सुप्रसिद्ध मंदिर मैहर में स्थित है। मैहर की शारदा माता को प्रसन्न करने का मंत्र इस प्रकार है।

ऊँ शारदा शारदांभौजवदना, वदनाम्बुजे।
सर्वदा सर्वदास्माकमं सन्निधिमं सन्निधिमं क्रियात।'

शरद काल में उत्पन्न कमल के समान मुखवाली और सब मनोरथों को देने वाली मां शारदा समस्त समृद्धियों के साथ मेरे मुख में सदा निवास करें।

सरस्वती का बीज मंत्र 'क्लीं' है। शास्त्रों में क्लींकारी कामरूपिण्यै यानी 'क्लीं' काम रूप में पूजनीय है।

नीचे दिए गए मंत्र से मनुष्य की वाणी सिद्ध हो जाती है। समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला यह मंत्र सरस्वती का सबसे दिव्य मंत्र है।

**सरस्वती गायत्री मंत्र** : ऊँ वागदैव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात।

इस मंत्र की 5 माला का जाप करने से साक्षात मां सरस्वती प्रसन्न हो जाती हैं तथा साधक को ज्ञान-विद्या का लाभ प्राप्त होना शुरू हो जाता है। विद्यार्थियों को ध्यान करने के लिए त्राटक अवश्य करना चाहिए। 10 मिनट रोज त्राटक करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। एक बार अध्ययन करने से कंठस्थ हो जाता है।

# वसंत पंचमी दिन कैसे चमकाएं भाग्य 12 राशियों के लिए उपाय

हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन मनाई जाती है। साल 2025 में, यह तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। तिथि के अनुसार, बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी।

- मेष राशि- भगवान हनुमान की पूजा कर उनके बाएं चरण का सिन्दूर लेकर वसंत पंचमी से नित्य तिलक करें तथा हनुमान चालीसा का पाठ करें। विद्या व बुद्धि के लिए 'ऐं' का जप करें।
- वृषभ राशि- इमली के पत्ते 22 नग लेकर 11 पत्ते माता सरस्वती के यंत्र या चित्र पर चढ़ाएं। 11 पत्ते अपने पास सफेद वस्त्र में लपेटकर रखें, सफलता मिलेगी।
- मिथुन राशि- भगवान गणेश का यथा उपचार-पूजन कर यज्ञोपवीत चढ़ाएं तथा 21 दूर्वादल के अंकुर 21 बार 'ऊँ गं गणपतये नम:' का जप कर चढ़ाएं। विद्या प्राप्ति के विघ्न दूर होंगे।
- कर्क राशि- माता सरस्वती के यंत्र या चित्र पर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' जप कर आम के बौर चढ़ाएं।
- सिंह राशि - 'ऊँ ऐं नम:' गायत्री मंत्र 'नमो ऐं' से संपुटित कर जपें, लाभ होगा।
- कन्या राशि - पुस्तक, ग्रंथ इत्यादि दान करें तथा 'ऊँ ऐं नम:' का जप करें।
- तुला राशि -पुस्तक ग्रंथ तथा सफेद वस्त्र किसी ब्राह्मण कन्या को पूजन कर दान करें तथा श्वेत मिठाई खिलाएं। 'ऊँ ऐं नम:' का जप करें।
- वृश्चिक राशि - माता सरस्वती का पूजन कर श्वेत रेशमी वस्त्र चढ़ाएं तथा कन्याओं को दूध से बनी मिठाई खिलाएं। 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' का जप करें।
- धनु राशि - माता सरस्वती का पूजन करें तथा श्वेत चंदन चढ़ाएं, श्वेत वस्त्र दान करें।
- मकर राशि - सूर्योदय के पहले ब्राह्मी नामक औषधि का सेवन कर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' से मंत्रित कर पी लें। सफलता कदम चूमेगी।
- कुंभ राशि - माता सरस्वती का पूजन कर कन्याओं को खीर खिलाएं तथा 'ऊँ ऐं नम:' जपें।
- मीन राशि - अपामार्ग की जड़ शास्त्रीय तरीके से निकालकर पुरुष अपनी दाहिनी भुजा तथा स्त्री अपनी बाईं भुजा पर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' की 11 माला, स्फटिक माला से कर सफेद वस्त्र में बांधकर धारण करें।

ऐसे व्यक्ति जिन्हें अपनी राशि इत्यादि के बारे में शंका या भ्रम हो, वे स्फटिक माला से यथाशक्ति 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' का जप कर कन्याओं को दूध से बनी मिठाई खिलाएं।



# रिद्धिमान साहा का क्रिकेट से संन्यास, साथियों ने कंधों पर बिठाकर दी विदाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिद्धिमान साहा ने आखिरकार क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पंजाब के खिलाफ मुकाबला जीतने के बाद उन्हें बंगाल टीम के साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वह उन्हें कंधों पर बिठाकर मैदान से बाहर भी लाए। इस बीच भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी विकेटकीपर बल्लेबाज के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए रिद्धिमान साहा को बधाई दी। बहरहाल, शमी ने लिखा- आज हम भारतीय क्रिकेट के सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई दे रहे हैं। मैदान के अंदर और बाहर उनके शानदार ग्लव वर्क और अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। आपके अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं, रिद्धिमान। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी!

141 प्रथम श्रेणी मैचों में साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। 40 वर्षीय ने आखिरी बार भारत के लिए दिसंबर 2021 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए, साथ ही नौ वनडे भी खेले। आईपीएल 2025 नीलामी में उनपर दांव नहीं लगा। साहा ने 2008 के बाद से हर आईपीएल सीजन में खेला है। वह हाल ही में गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसने साल 2022 का खिताब जीता था। वह कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के साथ भी खेले हैं। 2014 फाइनल में उन्होंने शतक भी लगाया था।

40 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीज़न के दौरान क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। साहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया था कि क्रिकेट में एक यादगार यात्रा के बाद, यह सीज़न मेरा आखिरी होगा। मैं अंतिम बार बंगाल का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं, संन्यास लेने से पहले केवल रणजी ट्रॉफी में खेल रहा हूं। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं!



# विराट कोहली को नहीं मिली दूसरी पारी, दिल्ली जीता, बड़ा सवाल- कैसे लौटेंगे फार्म में



**कराची (एजेंसी)।** नई दिल्ली - कप्तान आयुष बडोनी (99) और सुमित माथुर (86) शानदार पारियों के बाद शिवम शर्मा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन रेलवे को पारी और 19 रन से हरा दिया है। दिल्ली ने आज सात विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। रेलवे के गेंदबाजों ने आज दिल्ली की पारी को 374 स्कोर पर रोक दिया। दिन का पहला विकेट सिद्धांत शर्मा (18) के रूप में गिरा। सुमित माथुर (86) को हिमांशु सांगवान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सांगवान ने मनी ग्रेवाल (0) को आउट कर दिल्ली की पारी का अंत कर दिया। इसी के साथ दिल्ली को 133 रनों की बढ़त मिल गई। रेलवे की ओर से हिमांशु सांगवान ने 4 विकेट लिए। कुनाल यादव को 3 विकेट मिले। राहुल शर्मा, आयन चौधरी और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में कप्तान सूरज अहूजा (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें सिद्धांत शर्मा ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद शिवम शर्मा ने विवेक सिंह (12) और मोहम्मद सैफ (31) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भार्गव मेराई (एक) को नवदीप सैनी ने बोल्ड आउट किया। उपेंद्र यादव (19), कर्ण शर्मा (16), हिमांशु सांगवान (एक) और राहुल शर्मा (तीन) रन बनाकर आउट हुए। कुनाल यादव (0) को आउट कर आयुष बडोनी ने रेलवे की पारी को 114 के स्कोर पर समेट दिया। इसी के साथ दिल्ली ने पारी और 19 रनों से मुकाबला जीत लिया। दिल्ली की ओर शिवम शर्मा ने 33 रन देकर 5 विकेट लिए। नवदीप सैनी, सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने पहली पारी में 241 रन बनाए थे।

विराट कोहली के हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। टेस्ट क्रिकेट में कोहली बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के खिलाफ कमजोर रहे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में केवल 6 रन बनाए और साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो पारियों में 58 रन बनाए, जिससे उनका औसत 21.33 रहा। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने एक शतक जरूर लगाया लेकिन बाद में संघर्ष करते दिखे। चैंपियंस ट्रॉफी आने वाली है। ऐसे में कोहली ने फार्म में वापसी के लिए घरेलू क्रिकेट का रुख किया था।

## महिला एशेज 2025: ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को मात देकर रचा इतिहास, एशेज में बना ये महारिकॉर्ड



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच एशेज 2025 खेली जा रही थी जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के बीच तीन वनडे, तीन टी20 इंटरनेशनल और एक टेस्ट खेला गया। सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने कमाल करते हुए इंग्लैंड का पूरी तरह सूपड़ा साफ कर दिया। महिला कंगारू टीम ने सिर्फ एक फॉर्मेट की सीरीज में इंग्लैंड का सूपड़ा साफ नहीं किया बल्कि तीनों फॉर्मेट में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप किया।

ये मल्टी फॉर्मेट एशेज के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि जब ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का तीनों फॉर्मेट की सीरीज में सूपड़ा साफ किया हो। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने 2025 की एशेज जीतकर इतिहास रच दिया।

पहले तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई, सीरीज के पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीत अपने नाम की। फिर दूसरे वनडे में कंगारू टीम ने 21 रनों से जीत अपने खाते में डाली। इसके बाद सीरीज के आखिरी वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 86 रनों से जीत अपने नाम की।

इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली गई। टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 57 रनों से जीत दर्ज की। फिर दूसरे मुकाबले में कंगारू टीम ने डीएलएस के तहत 6 रन से जीत हासिल की। इसके बाद आखिरी टी20 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 72 रनों से हराया।

फिर आखिर में दोनों टीमें एकलौते टेस्ट मैच के लिए भिड़ी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एक पार और 122 रनों से करारी शिकस्त दी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का एशेज में पूरी तरह सूपड़ा साफ कर दिया।

# कनकशन सब्स्टीट्यूट बनकर उतरे हर्षित राणा... खड़ा हो गया विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पुणे टी20 मैच के दौरान हर्षित राणा को बतौर कनकशन सब्स्टीट्यूट उतारा इस लेकर विवाद हो गया। शिवम दुबे को मैच के दौरान बल्लेबाजी कर हेलमेट पर बॉल लगी थी। इसके बाद वे गेंदबाजी करने नहीं उतरे और उनकी जगह पर हर्षित को मैदान में बुलाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया और 3 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम मूमिका निभाई। कनकशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर उन्हें खेलने का मौका मिला लेकिन लोग इसे इम्पैक्ट प्लेयर बता रहे हैं।

पुणे टी20 में भारत ने पहले बल्लेबाजी कर 9 विकेट पर 181 रन का लक्ष्य दिया था।लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 19.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। राणा ने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं रवि बिश्नोई ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती ने 2 जबकि अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने 1 इंग्लिश बल्लेबाज को चलाता किया। भारत ने 15 रन से मैच जीतकर सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली। मैच खत्म होने के बाद इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने हर्षित को कनकशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर शिवम दुबे की जगह मैच में उतारने पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा यह लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट नहीं है।

आईसीसी ने मैच के दौरान गंभीर रूप से चोटिल खिलाड़ी की जगह प्लेइंग इलेवन में संभावित लिस्ट में शामिल खिलाड़ियों में से किसी को मैदान पर उतारने का नियम बनाया है। आईसीसी के नियम के मुताबिक जो खिलाड़ी चोटिल होता है उसकी क्षमता का खिलाड़ी मैदान पर उतारा जा सकता है। गेंदबाज की जगह



गेंदबाज, बल्लेबाजी की जगह बल्लेबाज, विकेटकीपर और ऑलराउंडर की जगह भी खिलाड़ी रिप्लेस कर सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान इम्पैक्ट प्लेयर के नियम का प्रयोग होता है। आईसीसी ने इस नियम को अभी तक इंटरनेशनल मुकाबलों में लागू नहीं किया है। नियम के मुताबिक मैच के दौरान पहली पारी और दूसरी पारी के बीच में दोनों ही टीम को किसी एक खिलाड़ी के बदले दूसरे खिलाड़ी को शामिल करने का मौका मिलाता है। जैसे पहले पारी में बल्लेबाजी कर चुके खिलाड़ी को गेंदबाज से बदला जा सकता है।

**कनकशन सब्स्टीट्यूट और इम्पैक्ट प्लेयर में क्या हैं**

**मूलभूत अंतर**

ये दोनों ही नियम एक दूसरे से बिल्कुल जुदा हैं। एक ओर जहां कनकशन सब्स्टीट्यूट में सिर्फ समान क्षमता के खिलाड़ी ही खेल सकते हैं, वहीं इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर किसी भी खिलाड़ी को उतारा जा सकता है। कनकशन में अगर कोई बल्लेबाज चोटिल होकर मैदान से बाहर आता है, तब सब्स्टीट्यूट के तौर पर आने वाली खिलाड़ी सिर्फ फील्डिंग कर सकता है। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर पहली पारी में बल्लेबाजी कर चुके बैटर की जगह आने वाला गेंदबाज हो सकता है जो टी20 में पूरे 4 ओवर गेंदबाजी कर सकता है।

## कोहली की सुरक्षा में चूक, तीन प्रशंसक मिलने मैदान पर पहुंचे

नई दिल्ली । दिल्ली और रेलवे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान शनिवार को तब सुरक्षा में बड़ी चूक हुई जब तीन उत्साही प्रशंसक विराट कोहली से मिलने के लिए मैदान में पहुंच गए। प्रशंसकों के लिए अपने क्रिकेट नायकों से मिलने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ना आम बात है लेकिन ऐसा अक्सर अंतरराष्ट्रीय मैचों में देखने को मिलता है लेकिन कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी करने के कारण दर्शक स्टेडियम में पहुंच रहे हैं जबकि अमूमन रणजी ट्रॉफी मैच खाली स्टेडियम में होते हैं। मैच में कोहली की उपस्थिति के कारण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है लेकिन इसके बावजूद 3 प्रशंसक 20 से अधिक गार्डों के समूह को चकमा देकर मैदान पर पहुंच गए।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में इंडिया मास्टर्स की तरफ से खेलेंगे युवराज सिंह



मुंबई - दो बार के विश्व कप विजेता और बाएं हाथ के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह 22 फरवरी से 16 मार्च तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवराज ने 2007 में खेले गए पहले टी20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रतियोगिता में उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के 1 ओवर में 6 छक्के लगाए थे। इसके बाद उन्होंने 2011 में भारत की वनडे विश्व कप में जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें अपने ऑलराउंड खेल के कारण इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। युवराज के अलावा दक्षिण अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल थरंगा ने भी इस टूर्नामेंट में खेलने की पुष्टि कर दी है। डुमिनी दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स के लिए खेलेंगे जबकि थरंगा श्रीलंका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# भारत के पास फिर से द.अफ्रीका को हराने का मौका, इस बार मौका महिला टीम को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पास क्रिकेट का एक और विश्व खिताब जीतने का मौका है। टीम के पास यह मौका महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप में आया है, इसमें महिला टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय महिला टीम फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। फैंस को उम्मीद है कि भारत लगातार दूसरी बार यह खिताब जीतेगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका का फाइनल मुकाबला दोपहर 12:00 बजे शुरू होगा। यह एक साल के अंदर दूसरा मौका है, जब भारत और द.अफ्रीका आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ने वाले है। भारत ने पिछले साल रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में द.अफ्रीका को ही हराया था।




महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप में भारत का अब तक का अभियान शानदार रहा है। महिला टीम ने टूर्नामेंट में अपने सभी 6 मैच जीते हैं। कप्तान निकी प्रसाद की अगुवाई वाली टीम ने अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारत ने वेस्टइंडीज (9 विकेट), मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60 रन), बांग्लादेश (8 विकेट), स्कॉटलैंड (150 रन) और इंग्लैंड (सेमीफाइनल में 9 विकेट) पर आसान जीत दर्ज की। भारतीय ओपनर बल्लेबाज गोंगडी त्रिशा शानदार फॉर्म में हैं और 6 पारियों में 66.25 की औसत से 265 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उनकी ओपनिंग साझेदार जी कमलिनी ने उनका अच्छा साथ दिया है। कमलिनी 6 पारियों में 45 की औसत से 135 रन बनाकर सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

लेकिन इसके बाद भी भारत के लिए चिंता का विषय मध्यक्रम की बल्लेबाज हैं, जिन्हें अभी तक खेलने का बहुत कम मौका मिल पाया है। टीम ने गेंदबाजी विभाग में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची पहले दो स्थान पर है। वैष्णवी 3.40 की औसत से 15 विकेट लेकर सबसे आगे हैं। आयुषी ने अब तक 5.91 की औसत से 12 विकेट लिए हैं। उम्मीद है कि यह जोड़ी फाइनल में भी यहां अहम भूमिका निभाएगी। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर 5 विकेट की शानदार जीत के बाद पहली बार आईसीसी महिला अंडर19 टी20 विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

**भारतीय टीम:** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके, जी त्रिशा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, परुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस शामिल है।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम:** सिमोन लॉरेन्स, काराबो मेसो, कायला रेनेके (कप्तान), जेम्मा बोथा, सेशनी नायडू, दियारा रामलाकन, मोनालिसा लेगोडी, नथाबिसेंग निनी, फे काउलिंग, जे-ले फिलेंडर, लुयांडा नजुजा, डी वैन रेंसबर्ग, मिके वैन वूरस्ट, एशले वैन विक, चैनल वेंटर शामिल है।

## ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पारी और 242 रन से हराकर रच दिया इतिहास

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में पारी और 242 रन से हराकर इतिहास रच दिया। यह ऑस्ट्रेलिया की एशियाई सरजमीं पर सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। गॉल इटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ ने की, जो सात साल बाद किसी टेस्ट सीरीज में कप्तान बने थे। इस शानदार जीत ने ऑस्ट्रेलिया के लिए एशिया में उनका सबसे बड़ा विजय अभियान साबित किया। इससे पहले, भारत के खिलाफ पारी और 226 रन की जीत ऑस्ट्रेलिया की एशिया में सबसे बड़ी जीत थी, लेकिन अब श्रीलंका के खिलाफ यह रिकॉर्ड तोड़ दिया गया है। यह ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट क्रिकेट में चौथी सबसे बड़ी जीत भी है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में ओपनर उस्मान ख्वाजा के 232 रन, स्टीव स्मिथ के 141 रन और जोस इंग्लिस के 102 रन की मदद से 654/6 पर पारी घोषित की। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम केवल 165 रन ही बना सकी। श्रीलंका की ओर से दिनेश चांदीमल ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुन्हमैन ने 5 विकेट लिए, जबकि नाथन लियोन ने 3 विकेट चटकाए।

## 87वां टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज : प्रज्ञानन्दा नें करूआना को हराया, गुकेश की बढ़त कायम



विज्क आन जी, नीदरलैंड । 87वें विज्क आन जी टाटा स्टील मास्टर्स सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट के 11वें दौर के मुक़ाबले के बाद मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत के डी गुकेश नें खिताब को जीतने की ओर एक कदम और बढ़ा दिया है, गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से चीन के वे यी से बाजी ड्रॉ खेली और वह 8 अंक बनाकर सबसे आगे बने हुए है । हालांकि उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव नें गुकेश के बराबरी में आने का मौका खो दिया वह काले मोहोरे से जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत के करीब आकर चूक गए और 7.5 अंको पर दूसरे स्थान पर है । हालांकि भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें साल 2025 की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की उन्होने काले मोहरो से यूएसए के फबियानों करूआना को पराजित करते हुए 7.5 अंक बनाकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया है । करूआना की हार का फायदा गुकेश को हुआ और वह लाइव विश्व रैंकिंग में अब दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए है अब उसने आगे सिर्फ नॉर्वे के मैगनस कार्लसन और यूएसए के हिकारु नाकामुरा है । भारत के लियॉन मेन्दोंसा नें जोरदार लय में चल रहे व्लादिमीर फेडोसीव को मात देकर सभी को चौंकाया तो पेंटाला हरीकृष्णा नें सर्बिया के अलेक्सी सराना को मात देकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की । अर्जुन एरीगैसी नें नीदरलैंड के जॉर्डन फॉरेस्ट से ड्रॉ खेला ।

## चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए : अमरनाथ



जयपुर । पूर्व क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ ने कहा है कि जब आप काफी सीनियर होते हैं तो खेल में रनों की भूख पहले की तरह नहीं रह जाती। ऐसें चयनकर्ताओं की भूमिका और अहम हो जाती है। इससे भी फर्क पड़ता है कि चयनकर्ताओं में कितना अनुभव है और उनमें क्या योग्यता है। माना जा रहा है कि अमरनाथ ने ये बात रोहित शर्मा और विराट कोहली को खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम में बरकरार रखे जाने पर कही हैं। अमरनाथ ने कहा 'चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए। वहीं अगर ऐसा नहीं होगा तो वे मजबूत फैसले नहीं ले पाएंगे। रोहित और विराट के बारे में फैसला कोई मजबूत चयनकर्ता ही ले सकता है।' एक कार्यक्रम में अमरनाथ ने ये बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा, 'एक समय पर अमरनाथ नाम के साथ ही बीसीसीआई को परेशानी हो जाती थी। मेरे पिता से भी थी और फिर इसी नाम की वजह से हमसे हुई। अगर हमारा सरनेम दूसरा होता, तो हमें टीम से हटाया नहीं किया जाता।' उन्होंने कहा कि बिशन सिंह बेदी सबसे बेहतरीन कप्तान थे। वे अपने खिलाड़ियों के लिए लड़ते थे। ऐसे ही इमरान खान बेहतरीन कप्तान थे।

# बजट: खेलो इंडिया को सबसे ज्यादा ग्रांट, खिलाड़ी होंगे निराश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेलो इंडिया को फिर से बजट में सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खेलों के लिए आवंटन में 351.98 करोड़ रुपए की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। खेलो इंडिया को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले साल से 200 करोड़ रुपए अधिक है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को कुल मिलाकर 3,794.30 करोड़ रुपए आवंटित किए गए जोकि पिछले साल की तुलना में 351.98 करोड़ रुपए अधिक है। क्योंकि आगामी वर्ष कोई ओलिम्पिक, राष्ट्रमंडल या एशियाई खेल नहीं है, ऐसे में बजट ज्यादा नहीं बढ़ाया गया।

राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी 340 की बजाय 400 करोड़ मिलेंगे। सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए अनुदान को 42.65 करोड़ रुपए से घटा कर 37 करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। इसी तरह की कटौती की घोषणा राष्ट्रीय युवा एवं किशोर विकास कार्यक्रम और युवा छात्रावास के कोष में भी की गई है। बहुपक्षीय निकायों और युवा विनिमय कार्यक्रमों के लिए योगदान को हालांकि 11.70 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 55 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

**डोप परीक्षण प्रयोगशाला पर ध्यान**

राष्ट्रीय शिविरों के संचालन और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार नोडल निकाय भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 815 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 830 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला के लिए वित्तीय वर्ष में 23 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसी तरह राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजैंसी का बजट 20.30 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 24.30 करोड़ रुपए कर दिया गया। राष्ट्रीय खेल विकास कोष में योगदान लगातार दूसरे वर्ष 18 करोड़ रुपए जारी रहेगा।

**जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान**

जम्मू-कश्मीर में खेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए 20 करोड़ रुपए के कोष को मंजूरी दी गई है, जो पिछले साल से 14 करोड़ रुपए ज्यादा है। बजट का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के पास जाएगा जोकि स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं के चरित्र और व्यक्तित्व का विकास करता है। इसे 450 करोड़ रुपए मिलेंगे, जो पिछले वर्ष से 200 करोड़ रुपए अधिक है।



# इडली कढ़ाई में नजर आएगी धनुष-नित्या मेनन की जोड़ी



धनुष अपनी आगामी फिल्म इडली कढ़ाई को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। फिल्म में धनुष के साथ नित्या मेनन की जोड़ी साथ नजर आएगी। जानिए धनुष की फिल्मइडली कढ़ाई को प्रशंसक कब देख सकेंगे।

### फिल्म में नजर आएगी धनुष-नित्या मेनन की जोड़ी

साउथ अभिनेता धनुष की आगामी ड्रामा फिल्मइडली कढ़ाई, जिसे उन्होंने निर्देशित और लिखा भी है। शुरू में फिल्मइडली कढ़ाई 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। इडली कढ़ाई में धनुष के साथ नित्या मेनन मुख्य महिला भूमिका में नजर आएंगी।

### फिल्म का निर्देशन और लेखन धनुष ने किया है

हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,इडली कढ़ाई की रिलीज की तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। नई तारीख 24 अप्रैल, 2025 तय की जा सकती है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

धनुष निर्देशित फिल्मइडली कढ़ाई तमिल भाषा में रिलीज होगी। धनुष के प्रशंसक इस फिल्म को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। धनुष की फिल्मइडली कढ़ाई का पोस्टर भी रिलीज किया जा चुका है, जिसमें अभिनेता एक झोपड़ी की ओर जाते हुए नजर आए।

### 24 अप्रैल, 2025 को रिलीज हो सकती है इटली कढ़ाई?

इस बीच, धनुष द्वारा निर्देशित एक और फिल्म, नीलावुकु एन मेल एन्राडी कोबाम (नीक) को भी स्थगित कर दिया गया है, इसकी मूल रिलीज तारीख 7 फरवरी, 2025 से आगे बढ़कर 21 फरवरी, 2025 कर दी गई है। धनुष के निर्देशन वाली फिल्मनीलावुकु एन मेल एन्राडी कोबाम में प्रियंका नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगलगोल्डन स्पैरो अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा चुका है।

### इटली कढ़ाई के अलावा धनुष नीक में भी नजर आएंगे

दिलचस्प बात यह है कि सिर्फ दो महीनों के अंदर में धनुष द्वारा निर्देशित दो फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष की फिल्म कुबेर भी इस साल के आखिर में रिलीज होने वाली है।



# क्या एस एस राजामौली की फिल्म में नजर नहीं आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन?

**सुपरस्टार महेश बाबू और एस एस राजामौली अपनी एक्शन एडवेंचर फिल्म को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का अस्थाई नाम एसएसएमबी 29 रखा गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर प्रियंका चोपड़ा नजर आ सकती हैं।**

### पृथ्वीराज को लेकर लग रहे कयास

जहां एक ओर इस फिल्म को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। वहीं, दूसरी ओर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के इस फिल्म में काम करने को लेकर भी तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने इस मुद्दे पर अपने खास अंदाज में जवाब दिया।

### अभिनेता ने दी प्रतिक्रिया

पृथ्वीराज ने कहा, लगता है कि सभी लोग मुझसे ज्यादा इस फिल्म के बारे में जानते हैं। देखिए, अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं है। बहुत कुछ अभी तय होना बाकी है। जब सब कुछ तय हो जाएगा, तब हम देखेंगे।
जॉन अब्राहम को लेकर भी हो रहे दावे
बता दें कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एस एस राजामौली पृथ्वीराज की जगह जॉन अब्राहम को इस भूमिका के लिए कास्ट कर सकते हैं। इस खबर से फैंस के बीच हलचल बढ़ गई थी। अब सभी लोग इस बारे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

### इस फिल्म में जल्द दिखेंगे पृथ्वीराज

पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आने वाली फिल्म एल 2- एम्पुरान के निर्देशन की वजह से चर्चा में हैं। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 27 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। निर्देशक ने साथ फिल्म में पृथ्वीराज अहम भूमिका में भी नजर आएंगे।

# किरदारों में ढलने के लिए करना पड़ता है त्याग


शाहिद कपूर बॉलीवुड में वर्सटाइल एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हैं। वह अपनी फिल्मों में अलग तरह के किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं, साथ ही बड़े पर्दे पर अपने लुक के साथ भी काफी एक्सपेरिमेंट करते हैं। हाल ही में अपनी फिल्म 'देवा' के प्रमोशन के दौरान शाहिद कपूर ने अपने लुक चेंज से जुड़ी बातें भी साझा की। क्या लुक चेंज के दौरान उनके मन में किस तरह का डर भी बन रहता है, इस बारे में भी बताया।
एक एक्टर को त्याग करना पड़ता है
हाल ही में एएनआई को दिए एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद कपूर कहते हैं, ' अगर मैं अपने बाल मुंडवाने से डर जाऊंगा तो कैसे चलेगा? जब बचपन में बच्चे के बाल मुंडवाए जाते हैं तो कोई नहीं पूछता है कि बाल वापस आएंगे या नहीं।' शाहिद आगे कहते हैं, ' मुझे अपने बालों से बहुत प्यार है लेकिन एक एक्टर होने के नाते अपनी पसंदीदा चीजें त्याग करने की आदत होनी चाहिए।'

### कॉन्फिडेंस के बारे में बात की

शाहिद कपूर अपनी बात को आगे बढ़ते हैं और कहते हैं, ' बाल, चेहरा ये सब चीजें हमारी पर्सनालिटी का बस एक पार्ट हैं, हमारी पर्सनालिटी हमारे कॉन्फिडेंस से अच्छी बनती है ।इसलिए इन बाहरी बातों पर ज्यादा गौर नहीं करना चाहिए।' फिल्म 'हैदर' के लिए भी शाहिद ने अपने बालों के साथ एक्सपेरिमेंट किया था, अपना लुक चेंज किया था। दर्शकों को एक्टर का यह लुक पसंद आया और फिल्म भी हिट रही। इस तरह से शाहिद की मेहनत रंग लाई थी।

### देवा को लेकर एक्साइटेड

शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' में उनके साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। शाहिद फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर के रोल में जो माफिया का सफाया करना चाहता है। फिल्म को लेकर एक्टर शाहिद कपूर भी काफी एक्साइटेड हैं। शाहिद कपूर ने अपने किरदार को रॉ एंड रियल बताया है।
प्रमोशन के लिए दिल्ली पहुंचे
शाहिद कपूर अपनी फिल्म 'देवा' के प्रमोशन के लिए दिल्ली भी पहुंचे हैं। राजधानी के एक कॉलेज में शाहिद और पूजा हेगड़े फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे, दोनों ने स्टूडेंट्स के लिए डांस भी किया, उन्हें खूब एंटरटेन किया।



# प्रभास की पुलिस ड्रामा स्पिरिट में होगी पागलपन भरी पृष्ठभूमि




प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्मस्पिरिट को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का निर्देशन एनिमल फेम निर्देशक संदीप वागा रेड्डी करेंगे ।स्पिरिट को लेकर कई जानकारियां सामने आई हैं, जिसे पढ़ने के बाद प्रशंसकों का उत्साह फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ जाएगा।

### पुलिस अफसर में नजर आएंगी प्रभास

संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी पिछली फिल्म एनिमल की सफलता से दर्शकों का दिल जीत लिया था। वहीं अब, वह प्रभास के साथस्पिरिट नाम की एक पुलिस ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और फिलहाल प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

### फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करेंगे

संदीप बैकग्राउंड स्कोर पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और जल्द ही इस प्रोजेक्ट के बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,स्पिरिट की कहानी की बात करें तो यह एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के बारे में है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय अपराध से संबंधित एक बड़ा काम सौंपा जाता है।

### सैफ-करीना कपूर खान भी आ सकते हैं नजर?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की पृष्ठभूमि बेहद दिलचस्प है ।स्पिरिट ड्रग माफिया के इर्द-गिर्द घूमेगी और इंडोनेशिया में सेट की जाएगी। प्रभास इस फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसकी कहानी ड्रग लॉर्ड्स के खिलाफ उनकी लड़ाई पर आधारित होगी। फिल्म में सैफ अली खान और करीना कपूर की होने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसे लेकर अभी तक कोई आदिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### हर्षवर्धन रामेश्वर करेंगे संगीत तैयार

एनिमल के लिए शानदार बैकग्राउंड स्कोर देने वाले हर्षवर्धन रामेश्वर एक बार फिर स्पिरिट के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। टी-सीरीज संदीप के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है और रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का ज्यादातर हिस्सा हैदराबाद और जकार्ता में शूट किया जाएगा।



# सैफ के लाडले इब्राहिम को लॉन्च करेंगे करण जौहर



नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर एक और स्टारकिड को इंडस्ट्री में लॉन्च करने जा रहे हैं। इस बार वे सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान पर दांव लगा रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुद इसका एलान किया है। करण जौहर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इब्राहिम की कई तस्वीरें शेयर करते हुए लंबा नोट लिखा है और उनके डेब्यू की जानकारी दी है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए करण ने लिखा, मैं अमृता (इब्राहिम की मां) से पहली बार तब मिला था जब मैं सिर्फ 12 साल का था। उस वक्त वो मेरे पिता के साथ फिल्म दुनिया में काम कर रही थीं। मुझे याद है कि कैमरे पर उनकी एनर्जी और पकड़ दोनों ही बहुत मजबूत थे।

### कई पीढ़ियों से चली आ रही दोस्ती

करण ने आगे लिखा, इस पहली मुलाकात में जो सबसे यादगार रहा वो यह था कि हमने चाइनीज डिनर किया था और उसके बाद जेम्स बॉन्ड की एक फिल्म देखी थी। हम जिस पल मिले उसी पल उन्होंने मुझे अपना महसूस कराया और यही उनकी ताकत थी। यही आदत उनमें आज भी है और उनके बच्चों में भी आई। अपनी इस पोस्ट में करण जौहर ने आगे लिखा, सैफ से मैं पहली बार अंजू महेंद्रू के ऑफिस में मिला था। वो बेहद यंग और खूबसूरत थे, बिल्कुल उसी तरह जैसे मैं पहली बार उनके बेटे इब्राहिम से मिला। कुछ इस तरह हमारी दोस्ती कई जनरेशन से चली आ रही है और अब खुशकिस्मती से हमारे बच्चों के बीच भी यह जारी है।

### इब्राहिम के डेब्यू का किया एलान

करण आगे लिखते हैं, मैं इस परिवार को बीते 40 साल से जानता हूं। मैंने इनके साथ अलग-अलग फिल्मों में काम किया है। अमृता के साथ दुनिया और 2 स्टेट्स में, सैफ के साथ कल हो ना हो और कुर्बान में, सारा के सिंबा में.., मैं इस परिवार को उनके प्यार की वजह से जानता हूं। फिल्में इनके खून में हैं। और इसी के साथ मैं एक नए टैलेंट के लिए रास्ता बनाना चाहता हूं, जिसे मैं दुनिया के साथ शेयर करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। तो इंतजार कीजिए इब्राहिम अली खान पटौदी का जो जल्द ही स्क्रीन के जरिए आपके दिलों तक का रास्ता तय करेंगे।



# रणदीप हुड्डा से पहले इन भारतीयों ने किया हॉलीवुड में काम

बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कई भारतीय अभिनेता हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय फिल्मों में अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के बाद इन्होंने हॉलीवुड में काम करते हुए प्रशंसा प्राप्त की। हाल ही में अभिनेता रणदीप हुड्डा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलरमैचबॉक्स से जुड़े। इसका निर्देशन 'एवेंजर्स एंडगेम' के एक्शन डायरेक्टर सैम हार्ग्रेव कर रहे हैं। निर्देशक के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह साल 2020 में नेटफ्लिक्सएक्सट्रैक्शन में साथ काम कर चुके हैं। आइए आज ऐसे ही भारतीय अभिनेताओं के बारे में जानते हैं, जो हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बन चुके हैं।

### प्रियंका चोपड़ा



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अभिनेत्री ने पॉप सिंगर निक जोनास से शादी की और विदेश जाकर बस गई हैं। हालांकि, वह समय-समय पर भारत का दौरा करती रहती हैं। साथ ही वह भारत में फिल्मों के निर्माण से भी जुड़ी हैं। अभिनेत्री ने कई हॉलीवुड फिल्मों और सीरीज में अभिनय किया है। अभिनेत्री ने हॉलीवुड सीरीजबेवॉच में निगेटिव किरदार निभाया। इसके अलावा वह साल 2020 में आई शॉर्ट फिल्म 'वी आर ओनली फैमिली', 'वी कैन बी हीरोज' और 'हैप्पीनेस कंटिन्यू' का हिस्सा रहीं। साल 2021 में 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स', साल 2023 में 'लव अगेन' और 'टाइगर' में भी अभिनेत्री ने अदाकारी की। वह साल 2023 में हॉलीवुड वेब सीरीज 'सिटोडल' में भी अभिनय कर चुकी हैं।

### दीपिका पादुकोण



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने अभिनय और खूबसूरती से सभी को इंप्रेस किया है। बॉलीवुड में वह सबसे ज्यादा पसंदी की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं। अभिनेत्री दीपिका भी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय कर चुकी हैं। वह विन डीजल के साथट्रिपल एक्स- रिटर्न ऑफ जेंडर केज में निगेटिव किरदार अदा कर चुकी हैं।

### ऐश्वर्या राय बच्चन



ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड का ऐसा नाम है, जिसे बच्चा-बच्चा जानता है। अभिनेत्री की खूबसूरती और अदाकारी की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने के बाद वह हॉलीवुड फिल्म में भी नजर आईं। ऐश्वर्या ने साल 2012 में आई फिल्मद पिंक पैंथर 2 में विलन का रोल किया था। इसके अलावा अभिनेत्रीद लास्ट लीजन,प्रोवोक्ड,मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेज में भी अभिनय कर चुकी हैं।

### अनिल कपूर

अनिल कपूर हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपने लुक को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहते हैं, उनके बारे में कहा जाता है कि उनकी उम्र रुक चुकी है। वह बूढ़े नहीं हो रहे। हिंदी फिल्मों के सुपरहिट हीरो अनिल कपूर ने हॉलीवुड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल' में नकारात्मक भूमिका अदा की है।

### आलिया भट्ट



अभिनेत्री आलिया भट्ट भी हॉलीवुड फिल्म में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। उन्होंने साल 2023 में अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की। अभिनेत्री ने हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में अपने निगेटिव किरदार से सभी को प्रभावित किया।

### अली फजल

'मिर्जापुर' सीरीज फेम अभिनेता अली फजल भी हॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुके हैं। वह फिल्म 'डेथ ऑन द नाइल' में अभिनय कर चुके हैं। इसके अलावा अभिनेताविक्टोरिया ऐंड अबदुल,कंधार,रूल ब्रेकर्स में भी नजर आ चुके हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# इस बार सूरजकुंड में देखने को मिलेगा यह खास : कलेंडर हुआ जारी

